* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 94

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर राम ज्योति जलायी




## अबुआ आवास सबका आवास

# अबुआ आवास योजना

के अंतर्गत स्वीकृति पत्र

## वितरण समारोह

20 लाख से अधिक लाभुकों को मिलेगा अबुआ आवास

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुण्डा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण, भारत सरकार - सह - सांसद, खूंटी लोकसभा क्षेत्र

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज तथा संसदीय कार्य विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा**
माननीय विधायक, खूंटी

**श्री कोचे मुण्डा**
माननीय विधायक, तोरपा

**श्री विकास कुमार मुण्डा**
माननीय विधायक, तमाड़


**दिनांक : 23 जनवरी 2024 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे**
**स्थान: NHPC मैदान, तोरपा, खूंटी**

P.R. 316745 (IPRD) 23-24

**₹2 लाख** की सहायता प्रति आवास

**तीन कमरों** का पक्का मकान, रसोई घर और शौचालय का भी निर्माण

**वर्ष 2027 तक** सभी जरूरतमंद लोगों को मिलेगा अबुआ आवास



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## देश भर की हस्तियां अयोध्या में जुटीं
















### अयोध्या से लौटे मोदी, किया बड़ा एलान

# गरीबों के घरों में लगेगा रूफटॉप सोलर, एक करोड़ लोगों को लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली लौटे। यहां उन्होंने तत्काल बैठक की। इसके बाद गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी घोषणा का एलान किया। मोदी सरकार ने देश में एक करोड़ घरों की छत पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा है। मोदी ने एक्स पर ट्वीट करके 'प्रधानमंत्री सोलर योजना' की घोषणा की। इस योजना ने गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल कम होगा। साथ ही भारत के ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में भी मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो। उन्होंने कहा कि अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' प्रारंभ करेगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

# ऐतिहासिक घड़ी में शामिल होकर अभिभूत हूं : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अयोध्या धाम के भव्य एवं दिव्य राम मंदिर में प्रभु रामलला विराजमान हो गये हैं। देशभर में खुशी का माहौल है। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो अपनी पत्नी नेहा संग अयोध्या में इस भव्य अवसर पर उपस्थित थे। वे देश भर के चुनिंदा आमंत्रित अतिथियों में थे। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस ऐतिहासिक समारोह व शुभ घड़ी में शामिल होकर अभिभूत हूं। अयोध्या का भव्य एवं दिव्य राम मंदिर समस्त देशवासियों के सामर्थ्य और क्षमता का अप्रतिम प्रतीक है। राम हमारे चेतना निर्माण और आस्था के आधार हैं। यह समारोह समस्त देशवासियों को एक नयी ऊर्जा प्रदान करेगा। हमें भगवान राम के आदर्श, मूल्य, मर्यादा को आत्मसात करने की आवश्यकता है। महतो ने भगवान श्रीराम से समस्त राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की।



## 23 जनवरी से राम-मंदिर में पूजा का विधान

**अयोध्या।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब 23 जनवरी से राम मंदिर में रामलला की पूजा का विधान तय हो गया है। इसके लिए श्री रामोपासना नाम से संहिता बनायी गयी है। नियम के तहत सुबह 3 बजे से पूजन और श्रृंगार ????की तैयारी होगी। 4 बजे रामलला को जगाया जायेगा। पहले पांच बार आरती होती थी, आगे भी वैसे ही होगी। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि रामलला को हर घंटे फल-दूध का भोग लगेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर खुलेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए मंदिर में दर्शन की अवधि 14-15 घंटे हो सकती है।

**मूर्तिकार योगीराज बोले, मैं सबसे भाग्यशाली :** गर्भगृह में स्थापित रामलला की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज भी समारोह में पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं दुनिया का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूं।

# विश्वभर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की धूम

एजेंसी

- श्रीलंका में जहां रावण ने सीता को रखा, वहां राम-भजन
- नेपाल के जानकी मंदिर में 1 लाख दीये जलाये
- टाइम्स स्क्वायर पर दिखी प्राण प्रतिष्ठा

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो चुकी है। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इसे धूम-धाम से मनाया गया। नेपाल के जनकपुर में जानकी मंदिर को सजाया गया। यहां एक लाख से ज्यादा दीपक जलाये गये। वहीं, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी सेलिब्रेशन हुआ। श्रीलंका के सीता एलिया मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा की गयी। माना जाता है कि ये वही जगह है, जहां रावण हरण के बाद सीता को रखा था। मंदिर में राम भजन भी किये गये। वहां भगवान राम के बिलबोर्डस के साथ लोग जय श्रीराम के नारे लगे। भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने हिंदी में ट्वीट कर राम मंदिर की बधाई दी है। न्यूजीलैंड के मंत्री डेविड सीमोर ने जय श्री राम के नारे लगाये। उन्होंने भगवा स्कार्फ गले में लपेट कर पूरे भारत को राम मंदिर के लिए बधाई दी। डेविड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में 500 साल बाद मंदिर बना है, जो हजारों साल तक रहेगा। मुझे राम मंदिर जाकर खुशी होगी।

**मॉरिशस हुआ राममय:** मॉरिशस की 48% आबादी हिंदू है। वहां की सरकार ने हिंदूओं को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 2 घंटे का स्पेशल ब्रेक दिया गया था। उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखा। मॉरिशस के सारे मंदिर में दीये जलाये गये। सभी में राम के नाम का जाप किया गया। सेलिब्रेशन की शुरूआत मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ ने की। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मंदिर में दीप जलाया है। उन्होंने कहा कि आइये हम अयोध्या में राम की वापसी का जश्न मनाते हैं। जय हिंद। इंडोनेशिया के बाली में गांधी पुरी सेवा ग्राम आश्रम के संस्थापक ने यज्ञ किया।

**अमेरिका में 300 जगहों पर लाइव टेलीकास्ट:** अमेरिका में भी राम के नाम की धूम रहेगी। मिनेसोटा राज्य में भारतीय समुदाय के लोगों ने सोमवार को राम भजन किये। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर अमेरिका में लगभग 300 जगहों पर अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण हुआ। इसके बाद सभी मंदिरों में प्रसाद बांटा गया। कैलिफोर्निया के सिलिकॉन वैली में लोग राम धुन पर नाचते दिखे। इस दौरान 900 कैरों ने रैली भी निकाली।

**ब्रिटेन की राजधानी लंदन में निकाली कार रैली :** ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले कार रैली निकाली। ये रैली वेस्ट लंदन से होते हुए ईस्ट लंदन पहुंची। इसके अलावा आज 100 जगहों पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा का 100 जगहों पर लाइव टेलीकास्ट किया गया। डेनमार्क में भारतीय मूल के लोगों ने आरती की। भक्त श्रीराम के भजनों पर नाचते नजर आये।

**कनाडा के शहरों में 22 जनवरी राम मंदिर डे घोषित :** कनाडा के ओंटारियो राज्य के ब्रॉम्पटन और ओकविल में 22 जनवरी को राम मंदिर डे घोषित कर दिया गया है। ब्रॉम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि राम मंदिर के जरिए हिंदुओं का सदियों पुराना सपना पूरा हो रहा है। ब्रॉम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में लोग भारत और भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखते नजर आये।



नेपाल

## मैक्सिको में भी राम मंदिर का उद्घाटन

**अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले मेक्सिको के क्वेरेटारो शहर में भी देश को पहला राम मंदिर मिला। सोमवार को ही इस मंदिर का उद्घाटन किया गया। मंदिर में स्थापित भगवान राम, माता सीता और भगवान हनुमान की मूर्ति भारत में ही बनी हैं। इनकी प्राण प्रतिष्ठा अमेरिका के एक पुजारी ने करायी।**

## अयोध्या के साथ पूरे देश में मनी दीपावली









www.epaper.azadsipahi.in

23 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 94

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का
तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में

HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

# आ गये राम...



## आज से एक नये कालचक्र का उद्गम हुआ: पीएम मोदी

- हमने जिस गांठ को भावुकता और समझदारी के साथ खोला है, वो बताता है कि भविष्य बहुत सुंदर होने जा रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रामलला अब टेंट में नहीं, दिव्य मंदिर में रहेंगे। राम मंदिर के निर्माण के बाद से देशवासियों में नया उत्साह पैदा हो रहा था। आज हमें सदियों की धरोहर मिली है, श्रीराम का मंदिर मिला है। 22 जनवरी 2024 का ये सूरज एक अद्भुत आभा लेकर आया है। ये कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, बल्कि ये एक नये कालचक्र का उद्गम है। लोग इसे हजारों साल याद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज गांव-गांव में एक साथ कीर्तन, संकीर्तन हो रहे हैं। आज शाम घर-घर राम ज्योति प्रज्वलित करने की तैयारी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं प्रभु राम से क्षमा याचना करता हूं। हमारे त्याग, तपस्या, पूजा में कोई तो कमी रह गयी होगी कि इतने साल मंदिर निर्माण का काम नहीं हो पाया। आज ये कमी पूरी हुई। भारत के संविधान की पहली प्रति में राम विराजमान हैं। दशकों तक प्रभु राम के अस्तित्व पर कानूनी लड़ाई चली। मैं न्यायपालिका का शुक्रगुजार हूं कि उसने लाज रख ली। उन्होंने कहा कि कई राष्ट्र अपने ही इतिहास में उलझ जाते हैं। जब भी उन्होंने इतिहास की गांठें सुलझाने का प्रयास किया मुश्किल परिस्थितियां बन गयीं। हमने जिस गांठ को भावुकता और समझदारी के साथ खोला है, वो बताता है कि भविष्य बहुत सुंदर होने जा रहा है। कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जायेगी। राम मंदिर किसी आग को नहीं, ऊर्जा को जन्म दे रहा है। उन्होंने कहा कि राम आग नहीं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंत काल हैं। ये मंदिर महज देव मंदिर नहीं, भारत की दृष्टि-दर्शन का मंदिर है। राम भारत का विचार-विधान है। राम भारत का चिंतन, चेतना, प्रवाह, प्रभाव, नेति, निरंतरता है। राम विश्व हैं, विश्वात्मा हैं। इसलिए जब राम की स्थापना होती है तो उसका प्रभाव हजारों वर्षों के लिए होता है।

उन्होंने कहा कि युवाशक्ति चांद पर तिरंगा फहरा रही है, तो 15 लाख किमी दूर अंतरिक्ष में यान पहुंचा रही है। आने वाला समय अब सफलता का है। आने वाला समय सिद्धि का है। ये राम मंदिर भारत के उत्कर्ष-उदय का साक्षी बनेगा। मंदिर सिखाता है कि लक्ष्य प्रमाणित हो तो उसे हासिल किया जा सकता है। शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद हम यहां पहुंचे हैं। अब हम रुकेंगे नहीं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हु-ब-हु भाषण पेज-10 पर)**

### मोदी का भाषण राम-राम से शुरू, जय सियाराम पर खत्म

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर मुख्य यजमान हल्के पीले रंग की धोती और कुर्ता पहन कर 12 बजे मंदिर परिसर में पहुंचे। उनके हाथ में एक थाल थी, जिसमें श्रीरामलला का चांदी का छत्र था। संकल्प के साथ प्राण प्रतिष्ठा की विधि 12 बज कर 5 मिनट पर शुरू हुई, जो एक घंटे से ज्यादा समय तक चली। प्रधानमंत्री ने भगवान की आरती कर चंवर डुलाया। मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास से कलावा बंधवाया और उनके पैर छुए। इसके बाद उन्होंने श्रीरामलला की परिक्रमा की और साष्टांग प्रणाम किया। उन्होंने राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के भी पैर छुए। संतों ने उन्हें सोने की अंगूठी भेंट की। मोदी ने मंदिर के गर्भगृह से बाहर आकर अपना 11 दिन का व्रत भी तोड़ा। उन्होंने लोगों को 35 मिनट संबोधित किया। भाषण राम-राम से शुरू होकर जय सियाराम पर खत्म हुआ। राम के नाम का जिक्र 114 बार किया।

## 45 मिनट चली रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हो गयी। श्रीराम विग्रह के प्रथम दर्शन भी हो गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरती के साथ पूजा पूरी की। उनके साथ गर्भगृह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ मोहन भागवत, उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। इससे पूर्व सुबह मंत्रोच्चार के साथ रामलला को जगाया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रों के साथ मंगलाचरण हुआ। 10 बजे से शंख समेत 50 से ज्यादा वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हुआ। दोपहर 12.29 बजे प्राण-प्रतिष्ठा की मुख्य विधि शुरू हुई। 84 सेकेंड में ही मूर्ति में प्राण स्थापना हो गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके बाद कुबेर टीला गये। यहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान वह मंदिर निर्माण में शामिल मजदूरों से मिले और उनके ऊपर फूल बरसाये। साथ ही जटायू की मूर्ति का अनावरण भी किया। उसके बाद प्रधानमंत्री दिल्ली लौट गये। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद वहां आये सेलेब्रिटी ने रामलला के दर्शन किये।

## रामलला आये, अब हमें विवाद से बचना होगा: मोहन भागवत



**अयोध्या (आजाद सिपाही)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज 500 साल बाद रामलला यहां लौटे हैं। रामलला के साथ भारत का गर्व लौट कर आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देनेवाला भारत खड़ा होगा। इसके अलावा हमें सबको साथ लेकर चलना है, अब विवादों से बचना होगा। आज रामलला वापस आये हैं, 500 सालों के बाद। जिनके त्याग, तपस्या, प्रयासों से आज हम यह स्वर्ग देख रहे हैं, उनका स्मरण प्राण-प्रतिष्ठा के संकल्प में हमने किया।

## गोलियों की गड़गड़ाहट नहीं, गलियां श्रीराम से गूंजेंगी: योगी



**अयोध्या (आजाद सिपाही)।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर ग्राम, हर नगर अयोध्या धाम है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी हैं। हर जुबान राम नाम जप रही है। रोम-रोम में राम रमे हैं। यह 'राम राज्य' की शुरुआत है। ऐसा लगता है कि हम त्रेता युग में प्रवेश कर गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु राम की कृपा से अब कोई अयोध्या की परिक्रमा में बाधा नहीं बन पायेगा। अयोध्या की गलियों में गोलियों की गड़गड़ाहट नहीं होगी। यहां की गलियां श्री राम नाम से गूंजेंगी।

### अदंर पेज पर विशेष


- **पेज-4:** राम राज्य की ओर बढ़े भारत के कदम
- **पेज-10:** सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आये हैं : नरेंद्र मोदी
- **पेज-14:** अयोध्या की घरती पर आज से नये युग का आरंभ: रघुवर दास


FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand

Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## युवा झारखंड के बढ़ते कदम: मुख्यमंत्री ने 2500 युवाओं को ऑफर लेटर सौंपा

# निजी क्षेत्र में 50 हजार युवाओं को नौकरी दिलायी: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना संक्रमण का असर आज भी कहीं न कहीं देखने को मिल रहा है। ऐसी विपरीत स्थिति में भी हमारी सरकार ने एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण देते हुए बिना कोई अपरा-तफरी के राज्यवासियों और प्रवासी मजदूरों को सुरक्षित रखने का काम कर दिखाया है। कोरोना संक्रमण की धुंध छंटी ,राज्य सरकार ने रोजगार सृजन को लेकर एक बेहतर रणनीति बनायी। दूसरे प्रदेश से लौटे मजदूर सहित यहां के किसान, गरीब, जरूरतमंदों को कई योजनाओं से जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। पिछले 100 वर्ष से भी अधिक समय से झारखंड में खनिज-संपदा निकालने का काम किया गया। यहां की खनिज-संपदा का पूरा लाभ राज्यवासियों को नहीं मिला, बल्कि दूसरे प्रदेश के लोगों के घर हमारी खनिज-संपदाओं से रोशन हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य के कोयला से दूसरे राज्य रोशन हुए और झारखंड अंधेरे में रहने को मजबूर हुआ। हमारी सरकार ने खनिज-संपदा के अतिरिक्त भी विभिन्न क्षेत्रों में संभावना तलाशते हुए रोजगार सृजन कराया। मुख्यमंत्री रांची के खेलगांव में आयोजित रोजगार मेला में 2500 कौशल प्राप्त युवाओं को ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड में एक बेहतरीन उद्योग पॉलिसी बनाते हुए टेक्सटाइल इंडस्ट्री को जोड़ा। राज्य सरकार और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने वादे के मुताबिक 75% स्थानीय लोगों को अपने संस्थानों में नियुक्तियां दीं। राज्य सरकार के साथ-साथ टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने भी कदम से कदम मिलाते हुए जरूरतमंद लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में 50 हजार से अधिक युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में नियुक्तियां देने का काम राज्य सरकार ने किया। गांव-देहात के वैसे बच्चे, जो शहर में रह कर पढ़-लिख जाते थे, वे बैंक और रेलवे में नौकरी की तैयारी करते थे, लेकिन गलत नीति-निर्धारण के कारण आज बैंक तथा रेलवे में नौकरियां घटी हैं। केंद्र सरकार के कई उद्यम अब निजी हाथों में चले गये हैं। यही कारण है कि अब सरकारी नौकरियां कम हो रही हैं।



### योग्यता और क्षमता के अनुसार बनायी योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जितनी भी योजनाएं बनायी हैं, वे सभी योजनाएं यहां के आदिवासी-मूल्की योग्यता और क्षमता के अनुरूप ही बनायी गयी हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में यहां की महिलाओं का भी अहम योगदान है। जितनी भी महिलाएं इस इंडोर स्टेडियम में मौजूद हैं, कहीं न कहीं सभी आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील की कि वे राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़ कर स्वरोजगार भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप स्वयं स्वरोजगार से जुड़ेंगे तो आनेवाले समय में अन्य लोगों को भी आप रोजगार से जोड़ सकते हैं। वर्तमान राज्य सरकार की विभिन्न व्यवस्था से जुड़ कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं।

### रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य जीवन के लिए नितांत आवश्यक

हेमंत ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर मनुष्य की आवश्यकता होती है। कोई भी व्यक्ति बिना भोजन, बिना कपड़े और बिना छत के नहीं रह सकता है। कई चुनौतियां और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमारी सरकार ने पक्के मकान से वंचित लोगों के लिए अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया है। हमारी सरकार एक-दो दिनों बाद से ही पात्र लोगों को इस योजना का लाभ देना प्रारंभ करेगी। मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना. विदेशों में पढ़ाई के लिए योजना आदि का जिक्र किया।

### सभी की पीड़ा को समझने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, मजदूर आदिवासी, पिछड़े, जरूरतमंद सहित सभी वर्गों की पीड़ा को हमारी सरकार समझती है। हमारी सोच है कि हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य प्रदान करें। हमारी सरकार रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी युवक-युवतियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप समेत राज्य सरकार के उच्चाधिकारी और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के अधिकारी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,500 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची,मंगलवार, 23 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# रामराज्य की ओर बढ़े भारत के कदम

## ■ यह उल्लास और समर्पण का माहौल बताता है भारत अब बदल गया है

## ■ अब नहीं रुकेंगे भारत के कदम, विश्वगुरु बनने का सपना भी साकार होगा

## ■ पांच सौ वर्षों की तपस्या, संघर्ष और बलिदान का फल मिला सनातनियों को

आजाद सिपाही विशेष

देश की आध्यात्मिक राजधानी श्री अयोध्या धाम में राम मंदिर का उद्घाटन और करोड़ों सनातनियों के आदर्श प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत मौके पर पूरी दुनिया में जिस उल्लास और समर्पण का माहौल दिखा, वह अद्भुत ही नहीं, अप्रत्याशित था। लोगों में भक्ति का भाव यह बता रहा था कि उनकी पांच सौ वर्ष की तपस्या, संघर्ष और बलिदान को एक मुकाम हासिल हो गया है। यह माहौल उनकी संतुष्टि के वातावरण को सामने ला रहा था। आज सनातनियों का भाव बता रहा है कि भारत अब रामराज्य की ओर अपने कदम बढ़ा चुका है। उसके कदम अब रुकनेवाले नहीं हैं। वास्तव में राम किसी एक धर्म के नहीं हैं। वह भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के आधार हैं। राम के बिना भारत की कल्पना की बुनियाद कमजोर होती है। इसलिए राम मंदिर को भारतीय सभ्यता की रक्षा, सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक और भारतीयता की अंतरराष्ट्रीय पहचान के रूप में देखा जाना चाहिए। लोगों में स्वतः स्फूर्त उत्साह बताता है कि भगवान राम इस भारत के कण-कण में विद्यमान हैं। उन्हें देखने के लिए अलग से किसी नजर की जरूरत नहीं होती है। अब चूंकि राम मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हो चुका है, इसलिए रामराज्य की परिकल्पना को अमली जामा पहनाने का समय आ गया है। इसके लिए सफलता का मापदंड धन-संपदा नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण जरूरी है। राम के जीवन को आत्मसात करना होगा। अब हर सनातनी पर बड़ी जिम्मेवारी आ गयी है। क्या है यह जिम्मेवारी और क्या है रामराज्य की परिकल्पना, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आज पूरा देश राममय होकर पांच सौ साल के अनथक संघर्ष के बाद मिली सफलता का जयघोष कर रहा है। देश की आध्यात्मिक राजधानी अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि पर मंदिर का उद्घाटन हो गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर विराज गये हैं। इसके साथ ही दुनिया भर में फैले करोड़ों सनातनियों की तपस्या पूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला के मनमोहक विग्रह को भक्तों के दर्शन के लिए उपलब्ध करा कर साबित कर दिया है कि वह भारत के ही नहीं, दुनिया के सच्चे नायक हैं। सनातनियों में भगवान राम का क्या स्थान है, यह इसी बात से प्रमाणित होता है कि मंदिर का उद्घाटन अयोध्या में हुआ, लेकिन पूरी दुनिया आज राममय है। यह महज भक्ति नहीं है। इसके पीछे है संकल्प और तपस्या का बल, सिद्धि तक पहुंचने का आत्मबल और विश्वगुरु बनने का उत्साह। वास्तव में मंदिर के उद्घाटन के साथ ही भारत ने रामराज्य की तरफ अपने मजबूत कदम बढ़ा दिये हैं।

### क्या है संदेश और निहितार्थ

अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन का संदेश यही है कि प्रभु श्रीराम ने इस देश को इस दिशा में भी आंखें खोलने का एक अवसर दे दिया है कि कौन देश की संस्कृति के साथ है और कौन देश को एक उपनिवेश मानने की मानसिकता से पीड़ित है। यह धारणा अर्धसत्य है कि मुट्ठी भर लोग वोट बैंक के प्रति निष्ठा दर्शाने के लिए राम का विरोध करते हैं। वास्तव में उनका मिशन भारत की सांस्कृतिक चेतना का अपमान करना है। ठीक भी है। उनकी वैचारिक थाली वामपंथी कबीलों ने परोसी हुई है और परोसने का काम करने वाले इन वामपंथियों के रसोइये कट्टरवादी हैं। ऐसे में उन्हें इस देश में राम कहां दिख सकते हैं? मुस्लिम तुष्टीकरण और हिंदुओं का मानमर्दन तो उनका स्वभाव है। यही कारण है कि कांग्रेस के प्रथम परिवार का कोई भी व्यक्ति 1947 से 2024 तक कभी भी रामलला दर्शन के लिए अयोध्या नहीं गया। यह वही कांग्रेस है, जिसके प्रधानमंत्री ने बाबरी ढांचा गिरने के बाद फिर से मस्जिद बनाने का वादा किया था। जिसने सुप्रीम कोर्ट में न केवल राम के अस्तित्व को आधिकारिक रूप से नकारा था, बल्कि कोर्ट से यह भी याचना की थी कि राम जन्मभूमि पर फैसला न सुनाया जाये। कांग्रेस को समाहित करते हुए बने-अनबने गठबंधन के नेता भी सनातन को समाप्त करने की घोषणाएं करते रहे हैं।



प्रभु श्रीराम को काल्पनिक कहने वालों के लिए भी यह प्रश्न तो शेष ही रह जाता है कि वे हजारों वर्ष से किस प्रकार साक्षी हैं, साक्षात हैं। वे मात्र जीवंत और साक्षी ही नहीं हैं, बल्कि उनके नाम-मात्र ने राष्ट्र में नव-प्राणों का तब-तब संचार किया है, जब-जब इस राष्ट्र ने उन्हें पुकारा है। गांधी जी ने स्पष्ट कहा था कि वे इस बात में पड़ना ही नहीं चाहते कि राम ऐतिहासिक हैं या नहीं। उनके लिए राम नाम ही उनकी शक्ति और उनकी प्रेरणा थी। अगर राम काल्पनिक हैं, तो यह जरूर बतायें कि ऐसी 'कल्पना' क्या है, जिसका अस्तित्व कण कण में व्याप्त है, जिससे यह भारत भारत बना है? यह भी कि संविधान सभा ने, भारत के संविधान के मुखपृष्ठ पर (प्रस्तावना से भी पहले), रामराज्य की ही कल्पना क्यों की? राम मंदिर का निर्माण मात्र एक मंदिर का निर्माण नहीं है, बल्कि आदर्श शासन के युग 'रामराज' की स्थापना की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा है। इस दृष्टि का लक्ष्य वह सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन स्थापित करना है, जो गोस्वामी तुलसीदास के रामचरित मानस में चित्रित आदर्शों और स्वराज के संदर्भ में महात्मा गांधी की 'रामराज' की व्याख्या में है। 'रामराज्य' में भौतिक कल्याण भी है, सामंजस्यपूर्ण और समावेशी भविष्य भी है, दैवीय चेतना भी है और नैतिक आचरण भी है।

राम मंदिर का उद्घाटन राजनीतिक आख्यानों को राष्ट्र का कायाकल्प करने वाले रामराज्य के शाश्वत सिद्धांतों के साथ जोड़ने का एक बिंदु है। ऐसे में राम को काल्पनिक कहने का आशय है- राम नाम को सत्य के स्थान पर असत्य ठहराना। माने राम के नाम पर श्वांस लेने वाला यह राष्ट्र उनका अपना राष्ट्र नहीं है, बल्कि उनका कोई विजित उपनिवेश है। और ऐसे राष्ट्र का उठ खड़ा होना उन्हें कैसे सहन होगा?

वास्तव में भारत आज अपने उस संकल्प की ओर बढ़ चला है, जिसमें रामराज्य की कल्पना निहित है। यह संपन्नता से नहीं, ज्ञान, अध्यात्म और चरित्र निर्माण से होगा। राम मंदिर के उद्घाटन के दिन का माहौल बताता है कि लोग अब रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए उद्यत हैं। स्वतः स्फूर्त ढंग का उत्साह, उत्सवी माहौल और संकल्प का यह दौर अभी चलता रहेगा, लेकिन 22 जनवरी 2024 की तारीख दुनिया के इतिहास में सबसे बुलंद अक्षरों में लिखी जायेगी, जब भारत ने अपनी 'वास्तविक यात्रा' शुरू की थी।

# दीपोत्सव के साथ रांची में राम भक्ति की बयार, रज-रज में उल्लास, उमंग की प्रतिष्ठा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीराम जयराम, जय जय राम...के जयकारे के साथ सोमवार को सुबह से ही राजधानी के रज-रज में उल्लास, उमंग और उत्साह की प्रतिष्ठा दिखी। दिन चढ़ने के साथ ही पूजा-अर्चना, भंडारा का दौर भी शुरू हुआ। सुबह से ही मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ता रहा। रामभक्ति की ऐसी बयार चली कि सभी इसमें सराबोर हो गये। समय के साथ इस उत्सवी उमंग के बीच रज-रज में उल्लास प्रवाहित और प्रतिष्ठित होता दिखा। अयोध्या में भगवान प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो गयी है। रांचीवासी अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए पलके बिछाये हुए थे। इंतजार ऐसा कि उन्होंने अपना घर श्रीराम के लिए सजा रखा था। शाम को दीपावली मनाने की तैयारी भी तेज हो गयी थी। चहुंओर राम नाम की लहर दिखी। दीपक और वंदनवार घरों पर लटके नजर आये। देवालयों से लेकर घर-घर, सड़कों तक धूमधाम के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। घर-घर और सड़कों पर प्रभु श्रीराम की तस्वीर वाला भगवा ध्वज दिखा। ऐसा हो भी क्यों नहीं, 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजे हैं। इसे लेकर रांची के घर-आंगन आलोकित करने के लिए बिजली के आकर्षक झालर लगाये गये। मनभावन रंगोली सजायी गयी। या यूं कहें कि ऐसा पहला मौका था, जब रामनवमी और दीपावली एक साथ मनी, तो गलत नहीं होगा।

## मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



## नैना भीगे-भीगे जाये, कैसे खुशी ये छुपाये राम...



## श्री श्याम मंदिर में आस्था से लबरेज दिखे रामभक्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** जय जय सियाराम की जय... के जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री श्याम मंदिर में सुबह से ही भक्तों का मेला लगा रहा। मंगला आरती और बालभोग के मंदिर के गर्भ गृह में पर्दा लगा कर मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नवीन पोशाक पहना कर दिव्य मनोहरी अतुल्य श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में सभी विग्रहों का आरती की गयी। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सांसद अजय मारू ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में 11 हजार से ज्यादा लड्डुओं का विशेष भोग लगाकर भक्त जनों को प्रसाद वितरित किया गया। वैदिक मंत्रों और रामधुन से भक्तजन भाव विभोर होते रहे। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सांसद अजय मारू, कल्पना मारू, राजीव रंजन मित्तल और कविता मित्तल ने परिवार संग अनुष्ठान संपन्न कराया। झारखंड के प्रसिद्ध आचार्य अनूप दाधीच ने अपने सहयोगियों के साथ महान अनुष्ठान के आचार्य पद पर थे। एक तरफ आरती, दूसरी ओर श्री श्याम मंदिर के बाहर आतिशबाजी की गयी। मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि शाम को दीपावली मनायी गयी। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने विशेष आरती में भाग लेकर श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया। सांसद संजय शेठ ने सभी भक्त श्याम भक्तों को बधाई शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अजय मारू, राजीव मित्तल, श्रवण ढानढनियां, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, अनिल नारनोली, अभिषेक सरावगी, प्रकाश अग्रवाल, राजेश कटारुका, पंकज गाड़ोदिया समेत अन्य मौजूद थे।



## महावीर मंडल ने पूजा कर बांटा महाप्रसाद



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल की ओर भव्य पूजा कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय स्वमसेवक संघ के झारखंड प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दीप प्रज्ज्वलित के बाद भजन कीर्तन कर किया। बाबूलाल ने राज्यवासियों को स्थापना महोत्सव की हार्दिक बधाई दी। श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि बड़ा तालाब प्रांगण में भव्य पूजा की गयी। इसके बाद महाभोज वितरण किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री वीरेंद्र साहू, समाजसेवी शंकर दुबे, रतन जालान, श्रीराम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, प्रकाश रंजन, रमेश केडिया शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.4 °c | 7.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



# सीएम आज अबुआ आवास योजना का करेंगे श्रीगणेश

## खूंटी के तोरपा में जारी करेंगे पहली किस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को अबुआ आवास योजना की पहली किस्त जारी करेंगे। खूंटी के तोरपा से सीएम पहली किस्त जारी करेंगे। तोरपा से सीएम राज्यभर के अबुआ आवास योजना के लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करेंगे। सीएम के तोरपा दौरे को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अबुआ आवास के लिए 31 लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। उसमें से 29.97 लाख आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है।



**तीन कमरों का मकान बनवाया जायेगा :** अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का मकान बनेगा। इसमें एक रसोई भी शामिल है। इसका क्षेत्रफल 31 वर्ग मीटर होगा। इस योजना के तहत योग्य लाभुकों को आवास निर्माण के लिए सहयोग राशि दो लाख रुपये देने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही लाभार्थी को मनरेगा अंतर्गत अपने आवास के निर्माण के लिए वर्तमान मजदूरी दर पर अधिकतम 95 अकुशल मानव दिवस के समतुल्य आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिए प्राप्त होगा।

### योजना विवरण और लाभार्थी

अबुआ आवास योजना 15 नवंबर 2022 को शुरू की गयी थी, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों को घर उपलब्ध कराना था, जो प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित नहीं हो पाये थे। आयोजन के दौरान खूंटी और सिमडेगा जिले के लगभग आठ लाभार्थियों को राशि मिलेगी। योजना का दूसरा आयोजन 29 जनवरी को पूर्वी सिंहभूम जिले में होगा, जहां मुख्यमंत्री पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिलों के लाभार्थियों को किस्त वितरित करेंगे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी मंजूरी

# प्रारंभिक विद्यालयों में होगी उर्दू के लिए 7232 पदों पर बहाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के लिए सहायक आचार्य के 7232 पद सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इनमें प्राथमिक विद्यालय वर्ग एक से पांचवीं के लिए 5478 और उच्च प्राथमिक कक्षा छह से आठवीं तक के लिए 1754 पद शामिल हैं। बताते चलें किपूरे राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के लिए 4401 पद स्वीकृत हैं। इनमें 689 उर्दू शिक्षक के पदों पर नियुक्ति की गयी है, जबकि 3712 पद रिक्त हैं। ऐसे में राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के स्वीकृत पदों को प्रत्यर्पित करते हुए उक्त पदों के विरुद्ध सहायक आचार्य का पद सृजन और वेतनमान परिवर्तित किया गया है।

**सहायक आचार्य के 50 हजार पद सृजित :** राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के पदों को परिवर्तित करते हुए सहायक आचार्य के 50 हजार पद स्वीकृत किये गये हैं। सहायक आचार्य का वेतनमान इंटर प्रशिक्षित के लिए सातवां केंद्रीय पुनरीक्षित वेतनमान के लेवल-4 और स्नातक प्रशिक्षित के लिए लेवल- 5 निर्धारित है। उक्त परिप्रेक्ष्य में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों को भी उसी के अनुरूप परिवर्तित किया गया है।

**यह है मामला :** राज्य के सभी जिलों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत उर्दू छात्रों के क्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के प्रतिवेदन के आधार पर 7981 सहायक आचार्य का पद सृजित किया जाना है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों में 6167 और मध्य विद्यालयों में 1754 सहायक आचार्य का पद है। लेकिन प्राथमिक विद्यालयों में इंटर प्रशिक्षित 689 उर्दू सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। इस कारण राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में 5478 और मध्य विद्यालयों में 1754 कुल 7232 पद सहायक आचार्य का पद सृजित किया गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** मेष-नौकरी में पिछले कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**वृष** अव्यवस्थित दिनचर्या, अनपेक्षित लोगों के आगमन से असुविधा होगी, अत्यधिक कर्मव्यस्तता।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा.कामकाज अच्छा चलेगा.आमदनी बढ़ेगी।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी। मानसिक चिंता रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास से जिम्मेदारी पूरा कर सकते हैं, विरोधियों का पराभव होगा।

**धनु** अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो, ऐसी इच्छा की पूर्ति होने का सिलसिला प्रारंभ होगा।

**मकर** उच्चस्तरीय लोगों से आप संबन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको नुकसान नहीं होगा।

## झारखंड में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शत प्रतिशत सफलता

# 23,944 दुकानों में लगी डिजिटल वेट मशीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शत-प्रतिशत लाभुकों को आच्छादित किया जा चुका है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव अमिताभ कौशल ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि खाद्य सुरक्षा को लेकर विभाग गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। राज्य की एक बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा विभाग की विभिन्न स्कीमों से आच्छादित किया जा रहा है। विभाग योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर विभिन्न स्तर पर कार्य कर रहा है। योजनाओं में नवाचार का समावेश करते हुए राज्य के लोगों को न्यूट्रिशन सिक्योरिटी करीब 66 लाख लाभुक परिवारों को दी जा रही है। लोगों के पोषण की आवश्यकता को देखते राज्य सरकार द्वारा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना स्वीकृत की गयी है। इसके अंतर्गत लाभुकों को 5 किलोग्राम प्रति लाभुक प्रति माह चावल उपलब्ध कराया जाता है। इस योजनांतर्गत प्रारंभ में 15 लाख लाभुकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 20 लाख कर दिया गया है। इस योजनांतर्गत अबतक 33,16,489 लाभुक आच्छादित हुए हैं।



**धान क्रय सीधे करने की व्यापक व्यवस्था :** अमिताभ कौशल ने बताया कि किसानों से धान का क्रय सीधे करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने व्यापक व्यवस्था की है, ताकि किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके। राज्य सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए सभी जिलों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोले गये हैं। धान अधिप्राप्ति के लिए झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में धान अधिप्राप्ति के लिए छह लाख एमटी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल के अतिरिक्त 117 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को उनके आय में वृद्धि एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोनस भुगतान का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित 65,98,574 लाभुक परिवारों के बीच वर्ष में दो बार एक धोती-लुंगी और एक साड़ी दस रुपये प्रति वस्त्र की दर से वितरण किया जा रहा है। पात्र गृहस्थ योजना के अंतर्गत लाभुकों को पांच किलो खाद्यान्न प्रति सदस्य प्रतिमाह और अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत लाभुक परिवार को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार प्रतिमाह उपलब्ध कराया जाता है। अधिनियम के तहत लाभुकों का आच्छादित किये जाने का लक्ष्य 2,64,25,385 है, जिसके विरूद्ध वर्तमान में शत-प्रतिशत लाभुक आच्छादित हैं।

### पांच रुपये में मिलता है भोजन


मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के जरिये पूरे राज्य में सरकारी भोजन केंद्र के माध्यम से राज्य के जरूरतमंदों दिहाड़ी मजदूर, गरीब, निर्धन और अन्य को मात्र पांच रुपये के भुगतान पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में 377 स्वीकृत नियमित दाल-भात केंद्रों के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में डिजिटल वेट मशीन लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 25,282 जनवितरण प्रणाली दुकानों में से अबतक 23,944 दुकानों में मशीन लग गयी है। पश्चिमी सिंहभूम जिले की 50 जन वितरण प्रणाली दुकानों और रामगढ़ की सात जन वितरण प्रणाली दुकानों में 4जी नेटवर्क आधारित इ-पॉस मशीनों के माध्यम से पायलट आधारित खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है।

# शिबू की याचिका दिल्ली हाइकोर्ट से खारिज

## सीबीआइ कर सकती है आय से अधिक संपत्ति की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली हाइकोर्ट ने झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में फैसला सुना दिया है। इस मामले से जुड़े सभी पक्षों की पूरी बहस सुनने के बाद अदालत ने 22 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली हाइकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए शिबू सोरेन की याचिका खारिज कर दी। याचिका खारिज होने के साथ ही आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्रवाई पर लगी रोक भी हट गयी है। दिल्ली हाइकोर्ट के इस फैसले से शिबू सोरेन को बड़ा झटका लगा है। हाइकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद अब सीबीआइ आय से अधिक सम्पति मामले में जांच शुरू कर सकती है। बताते चलें कि शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआइ को प्रारंभिक जांच की कार्रवाई और आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई की। शिबू सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा।



# चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने पैसा लौटाने के लिए मांगा समय

**अगली सुनवाई 29 को**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चेक बाउंस मामले में सोमवार को अभिनेत्री अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर के मामले में दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट से कहा गया कि वह पैसा लौटाने के लिए तैयार हैं, इसलिए समय दिया जाये। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयलक्ष्मी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अमीषा पटेल की ओर से मामले को टालने के लिए ऐसी बातें कही जा रही हैं। इस पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मामले की अगली तिथि 29 जनवरी निर्धारित की है। इससे पूर्व मामले में दोबारा गवाही के लिए बुलाये गये गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण पूरा हो चुका है। दोनों पक्षों की ओर से गवाही की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र क्र. सं. 66361, दिनांक : 05.09.2023 के अनुसार, मैं कोलेश्वर कुशवाहा, पिता रामेश्वर महतो, उम्र लगभग 42 वर्ष, धर्म- हिन्दू, पेशा- गृहस्थी, राष्ट्रीयता - भारतीय, निवासी ग्राम- डुमरियागढ़ा, दिगवार, पो०- दिगवार, थाना- माण्डु, जिला-रामगढ़ (झारखण्ड) शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ किः - 1. यह कि, मेरा सही एवं वास्तविक नाम कोलेश्वर कुशवाहा है जो मेरे, आधार कार्ड सं0-2563 6559 0664 में तथा अन्य दस्तावेज दर्ज है। 2. यह कि, मेरा अंचल से मेंल में मेरा नाम भुलवश कोलेश्वर महतो दर्ज हो गया है जो गलत है। 3. यह कि, कोलेश्वर कुशवाहा एवं कोलेश्वर महतो ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है, जो मैं स्वयं हूँ। 4. यह कि, मैं यह शपथ पत्र संबंधित पदाधिकारी को जानकारी देने एवं अपना उक्त नाम सुधार करते हुए उक्त वास्तविक नाम कोलेश्वर कुशवाहा दर्ज करने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ, जो सत्य एवं सही है।

# सीआरपीएफ के आइजी, कमांडेंट समेत झामुमो कार्यकर्ताओं पर केस

**20 जनवरी को सीएम हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ के दौरान सीएम आवास तक सीआरपीएफ के जवानों के आने का मामला तूल पकड़ा**

**धारा 144 के उल्लंघन के मामले में झामुमो के 250 कार्यकर्ता और भीम आर्मी के खिलाफ भी जमानतीय धाराओं में मामला दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 20 जनवरी को इडी की पूछताछ के दौरान सीएम आवास तक सीआरपीएफ के जवानों के आने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस मामले को लेकर रांची जिला प्रशासन ने सीआरपीएफ के आइजी, कमांडेंट समेत अन्य पदाधिकारी के खिलाफ गोंदा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले सीएमओ ने इस संबंध में गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय से पूरी जानकारी मांगी थी कि कैसे सीआरपीएफ के जवान प्रतिबंधित इलाके में आ गये? इनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है। बता दें कि बीते 20 जनवरी को जब इडी के अधिकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कांके रोड स्थित सरकारी आवास में पूछताछ कर रहे थे, तो कई बसों में भरकर सीआरपीएफ के जवान वहां पहुंचे थे। वे मुख्यमंत्री आवास में जाना चाहते थे, लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें वापस भेज दिया था। वहीं दूसरी ओर धारा 144 के उल्लंघन के मामले में झामुमो के 250 कार्यकर्ता और भीम आर्मी के खिलाफ भी गोंदा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। सीआरपीएफ के जवानों पर सरकारी कामकाज में बाधा, निषेधाज्ञा के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। एफआइआर में सीआरपीएफ के आइजी और कमांडेंट का भी जिक्र है। दूसरी और तीसरी प्राथमिकी भी निषेधाज्ञा के उल्लंघन को लेकर है। इसमें झामुमो के कार्यकर्ता और आम लोग व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को आरोपित किया गया है। सीआरपीएफ के मामले में दर्ज केस में गैर जमानतीय धारा लगी है। बाकी दो मामले जमानतीय धाराओं में दर्ज हैं।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 10 अक्टूबर, 2023

का.आ. 4408(अ).– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 286, तारीख 17.01.2023, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के कि. मी. 200.9 से कि.मी. 219.6 (दलाओ गढ़वा) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "23.01.2023" को "हिन्दुस्तान" और "मॉर्निंग इंडिया" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

और आक्षेप प्राप्त हुए थे और सक्षम प्राधिकारी ने उन पर विचार कर लिया है और आक्षेपों को अननुज्ञात कर दिया है.

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सकरार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के गढवा जिले में NH-75 के अंतर्गत कि.मी. 200.9 से कि.मी. 219.6 (दलाओ गढ़वा) के गांवों में अर्थात कल्याणपुर, मेढ़नाखुर्द एवं हुर, जिला–गढ़वा, झारखण्ड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

फा.सं. : CG-DL-E-12102023-249337

जिला– गढ़वा
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 10.10.2023
https://egazette.gov.in/(S(ua0r45rvp42vese44kiedsvm))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=51015&file_id=23341

# मौलिक और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को कुचलने का प्रयास असम की तानाशाह सरकार ने किया : राजेश ठाकुर

## राहुल गांधी को श्री शंकरदेव मंदिर में नहीं जाने देने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संविधान के तहत मिले मौलिक और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को कुचलने का प्रयास असम की तानाशाह सरकार द्वारा किया गया। उक्त बातें सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफीले पर हुए हमले और राहुल गांधी को श्री शंकरदेव मंदिर में नहीं जाने देने पर कही। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के नेता विरोध में रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में गांधी प्रतिमा के समीप धरना दिया। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला करने एवं राहुल गांधी को श्री शंकरदेव मंदिर जाने से रोके जाने से साबित हो गया है कि गोड्से की विचार धारा से ओत-प्रोत लोग जनता और कांग्रेस से डर रहे हैं, इसी घबराहट में इस तरह का असंवैधानिक कदम भाजपा सरकार द्वारा उठाया जा रहा है। असम में भाजपा के गुंडों द्वारा हमला किया गया और ऐसे हमलों के द्वारा भगवान राम को भी बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। हम संवैधानिक दायरे में भारत की जनता के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं और गोडसे के विचारधारा के लोग लगातार असंवैधानिक कृत्य कर देश में अराजक माहौल पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से घबराकर भाजपा सरकार शांतिपूर्वक चल रहे यात्रा को येन-केन-प्रकारेण बाधित करना चाहती है ताकि यात्रा से दबे-कुचले, सामाजिक, आर्थिक एवं रोजगार के मुद्दे पर उनकी पोल न खुल जाये। श्री ठाकुर ने कहा कि अपने आलाकमान के इशारे पर असम के मुख्यमंत्री न्याय यात्रा को रोकने की चाहे जितनी कोशिश कर लें हमारा संघर्ष और यात्रा-न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने असम की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि असम में संवैधानिक नहीं गुंडा राज चल रहा है, न्याय यात्रा पर हमला असम के मुख्यमंत्री की हताशा का परिचायक है। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदीप तुलस्यान, केशव महतो कमलेश, रविंद्र सिंह, संजय लाल पासवान, अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, अजय नाथ शाहदेव, मानस सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, रमा खलखो, डॉ संजय सिंह, आभा सिन्हा, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, जगदीश साहू, डॉ राकेश किरण महतो, अमरेंद्र सिंह, खुर्शीद हसन रूमी, नेली नाथन, दीपक ओझा, बेलस तिर्की, रमेश पांडेय, जितेंद्र त्रिवेदी, जगरनाथ साहू, वशिष्ट लाल पासवान, सुधा देवी, पूर्णिमा सिंह, वेद प्रकाश तिवारी राखी प्रियदर्शनी, चंद्र रश्मि पिंगवा, मिथलेश कुमार, शहीद अहमद, अमन अहमद, संजय कुमार, कुमोद महथा सहित कई अन्य शामिल थे।









## झारखंड में मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन

# मतदाता सूची में अपना नाम जरूर चेक करें : के रवि कुमार

### किसी विसंगति की सूचना अविलंब बीएलओ को दें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार को किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। उक्त मतदाता सूची निर्वाचन से जुड़े राज्य के महत्वपूर्ण कार्यालयों में भी मतदाताओं को देखने के लिए उपलब्ध है। लोग चाहें तो वे सीइओ झारखंड की वेबसाइट पर भी नव प्रकाशित मतदाता सूची को देख सकते हैं।

उन्होंने राज्य के मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम इस अद्यतन मतदाता सूची में जरूर चेक कर लें, किसी भी कारण यदि कोई विसंगति हुई हो, तो इसे अविलंब अपने बीएलओ या अपने संबंधित निर्वाचन निबंधन कार्यालय को सूचित करें। वे चाहें तो इसकी सूचना राज्य के मतदाता हेल्पलाइन सेंटर 1950 पर भी सूचित कर सकते हैं। कहा कि राज्य के मतदाता उक्त सत्यापन कार्य के लिए वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन एप का भी उपयोग कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने डोरंडा स्थित अपने मतदान केंद्र जाकर वहां प्रकाशित हुई मतदाता सूची के साथ सेल्फी ली। हैशटैग अभियान आइ एम रेडी टू वोट देश स्तर पर ट्रेंड किया। मतदाताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि वे मताधिकार के लिए तैयार हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के बूथ भ्रमण के क्रम में उनके साथ अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार भी मौजूद थे।



### डीसी ने सेल्फी लेकर की अभियान की शुरुआत

रांची। लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी में जुटा है। 18 आयु वर्ग के सभी लोगों का नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो, इसके लिए पूरी तैयारी के साथ प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आइएम रेडी टू वोट अभियान की शुरुआत की। उन्होंने मतदाता सूची में अपने नाम के दस्तावेज के साथ सेल्फी लेते हुए मतदाताओं से अपील की कि वे भी अपने कार्ड या मतदाता सूची के दस्तावेज के साथ सेल्फी लें और उसे सोशल मीडिया पर शेयर करें, जिससे की लोग जागरूक हो और अपने मताधिकार को समझाने के साथ लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वाने का काम करें।

# रेस्क्यू किये गये सात श्रमिकों को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के वस्त्र उद्यमियों द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में श्रम विभाग द्वारा संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के सहायता से रेस्क्यू किये गये 7 श्रमिकों को झारखंड के विभिन्न वस्त्र उद्योगों में नियुक्ति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के हाथों से इन्हें नियुक्ति पत्र मिला। ये 7 श्रमिक झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, पलामू एवं गिरीडीह के रहने वाले है। ये देश के विभिन्न राज्यों में रोजगार के लिए गए थे और अलग अलग परिस्थितियों में फंसे हुए थे। इनमें से 2 उत्तरकाशी टनल , 3 तमिल नाडु, 1 दुबई से रेस्क्यू किये गये हैं और 1 विकलांग है जिन्होंने कंट्रोल रूम को काम के लिए कॉल किया था।


## पूर्व तट रेलवे

### मार्च एवं अप्रैल-2024 के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम

| महीना | मण्डल/यूनिट | तिथि | |
|---|---|---|---|
| | | मार्च-2024 | अप्रैल-2024 |
| मार्च एवं अप्रैल-2024 | डिपो मन्चेश्वर | 2, 7, 13, 20, 25 | 1, 8, 15, 22 |
| | खोरधा रोड मण्डल | 1, 6, 12, 18, 23 | 2, 9, 16, 23 |
| | वाल्टियर मण्डल | 4, 9, 15, 21, 27 | 3, 10, 17, 24 |
| | सम्बलपुर मण्डल | 5, 11, 16, 22, 28 | 4, 12, 19, 26 |

'जैसा है,जहाँ' के आधार पर सम्बलपुर, खोरधा रोड एवं वाल्टियर मण्डल के कण्डेम्न्ड रोलिंग स्टॉक्स (लोको, कोच, वैगन), स्क्रैप रेल, विविध P.Way फिटिंग्स (स्विच, क्रॉसिंग, फिश प्लेट, स्लीपर, फिश बोल्ट इत्यादि), विविध वार्कशॉप स्क्रैप(ड्रम, बोगी, फ्रेम, बफर केसिंग, बफर प्लंजर, टर्निंग एवं बोरिंग इत्यादि), विविध फेरस, नन-फेरस, नन-मेटलिक स्कैप, कण्डेम्न्ड मशीनरी एवं प्लांट्स, कण्डेम्न्ड वेइकल्स, कण्डेम्न्ड ऑफिस इक्विपमेन्ट्स एवं रेलवे विद्युतीकरण के स्क्रैप सामग्री इत्यादि प्रस्तावित हैं। रेलवे प्रशासन इस नीलामी में अन्य सामग्रियों को भी शामिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा सामग्रियों का संपूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें नीलामी कैटलॉग के आधार पर होगी, जो पूर्व तट रेलवे के संबंधित नीलामी परिचालन प्राधिकारी के कार्यालय में अथवा नीलामी की तारीख के 07(सात) दिन पूर्व हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध होगा।

PR-1012/O/23-24 — प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, भुवनेश्वर


# लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की जरूरत : आलमगीर आलम

### शासी निकाय की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि लोक कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से धरातल पर लाने की जरूरत है, जिससे राज्य के गरीब लोगों का कल्याण जल्द से जल्द हो सके। मंत्री सोमवार को एफ-एफपी बिल्डिंग में शासी निकाय की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित मॉडल मानव संसाधन नियमावली का वेतन संरचना सहित जेएसएलपीएस द्वारा अंगीकृत किये जाने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस के रिक्त पदों की भर्ती पर सहमति दी। बैठक में जेएसएलपीएस का नया ब्रांड नाम पलाश और लोगो पर सहमति दी गयी। साथ ही भारत सरकार से प्राप्त मॉडल मानव संसाधन नियमावली के प्रावधानों को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में लागू करने के लिए संबंधित सूचना, जेएसएलपीएस में रिक्त पदों पर भर्ती, कर्मियों के वेतन पूर्ण निर्धारण से संबंधित प्रस्ताव, दैनिक मानदेय पर कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर्स के एकमुश्त मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने बैठक में लिये गये निर्णयों को जल्द से जल्द धरातल पर लाने का निर्देश दिया और साथ ही ग्रामीण महिलाओं के उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने के साथ मिलकर काम करने को कहा।




## सीएम को इडी का एक और समन

# 27 से 31 जनवरी के बीच उपस्थित होने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को फिर समन भेजा है। इडी ने सोमवार को सीएम को पत्र भेजकर 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच उपस्थित होने को कहा है। बता दें कि बीते 20 जनवरी को इडी ने हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर सात घंटे तक पूछताछ की थी। इडी के अधिकारियों ने सीएम आवास में एक अलग कमरे में पूछताछ की थी। इस दौरान रांची, दिल्ली और कई राज्यों से आये इडी के अधिकारियों ने उनसे सवाल पूछे थे और इडी के अधिकारी कई दस्तावेज और फाइल लेकर सीएम आवास पहुंचे थे।



# पुलिसिया ताकत का दुरुपयोग हेमंत को भारी पड़ेगा : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 20 जनवरी को जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर मुख्यमंत्री के भाषण देने का वीडियो जारी कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। श्री मरांडी ने कहा कि 20 जनवरी की रात सीएम आवास से सटे एलपीएन शाहदेव चौक पर जहां धारा 144 लागू थी, वहां मुख्यमंत्री ने अपने अधिकारियों के साथ कानून की धज्जी उड़ा रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि इडी अधिकारियों की सुरक्षा एवं उन्हें भाड़े पर लाये गये तीर-धनुष से लैश लोगों से बचाने के लिए आये सीआरपीएफ अफसरों-जवानों पर निषेधाज्ञा उल्लंघन का मुकदमा करने वाली रांची पुलिस अगर कानून सम्मत काम करती है तो पहले मुख्यमंत्री और उनके समर्थकों के साथ ही वहां पुलिस और प्रशासनिक अफसरों पर मुकदमा करे।



# हक और अधिकार की पाने के लिए है आदिवासी एकता महारैली : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों के हक और अधिकार की पाने के लिए ही आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया है और इसे सभी का उत्साहपूर्ण सहयोग मिल रहा है। आगामी 4 फरवरी को ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में होने वाली रैली की तैयारी के सिलसिले में सोमवार को रांची के दहिसोत बनहोरा स्थित जतरा मैदान में श्री तिर्की की अगुवाई में बैठक में बोल रहे थे। बैठक में कमड़े पंचायत की मुखिया नीलम तिर्की, पूर्व मुखिया सुनील तिर्की, पूर्व पार्षद सुनील टोप्पो, कमड़े पंचायत समिति की सदस्य शिल्पा कच्छप, पूर्व मुखिया कमड़े संजय तिर्की, समाजसेवी शिवा कच्छप, राजेश लिंडा, प्रकाश तिर्की, राजेश लकड़ा, सुका तिर्की, मुंतजीर खान, प्रधान लालू खलखो, अलविन लकड़ा, गोपाल तिर्की, जुले तिग्गा उपस्थित थे।



## अखिल भारतीय महिला सम्मेलन ने गरीबों के बीच बांटे दीपक

रांची (आजाद सिपाही)। अयोध्या पुरी में श्री रामलला के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को राजधानी में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के द्वारा गरीबों के बीच दीपक का वितरण किया। विशेष रूप से राजधानी के तेतर टोली, हरिहर सिंह रोड और मोरहाबादी आदि क्षेत्रों में गरीबों के बीच अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की पदाधिकारियों ने भ्रमण किया। इस महत्वपूर्ण दिवस को पूरे उत्साह और जोर-शोर से मनाने की अपील की। इस संदर्भ में जानकारी देते हुये अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सचिव अनुपमा प्रसाद ने कहा कि आज का अवसर बहुत ही अद्भुत है। यह 500 साल की विकट तक कठिन तपस्या के बाद आया है। यह अवसर दीपावली से भी बढ़कर है और इसे जोर शोर से मनाने और इसमें सभी की सक्रिय सहभागिता बहुत जरूरी है। इसलिये गरीबों के बीच दीपक वितरण का निर्णय लिया गया। इसके बाद हरिहर सिंह रोड स्थित हनुमान मंदिर में रामायण पाठ के साथ लड्डू एवं खीर वितरित किया गया। इस दौरान मीना सिंह, अनुपमा प्रसाद, प्रो.अनुपमा सिंह, अनुपमा प्रसाद, कविता सिंह, राका ठाकुर, आराधना शुक्ला, मंदिरा भाटिया, सुषमा शुक्ला सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के बहुत नजदीक संत जेवियर्स स्कूल के संतोष कुमार

रांची (आजाद सिपाही)। अपने महत्वाकांक्षी प्रयास को जारी रखते हुये संतोष कुमार प्लस टू समन्वयक और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के एचओडी सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ के अपने लक्ष्य को पूरा करने की राह पर हैं। उनका लक्ष्य 48 घंटे पूरे करने का है। इसमें से उन्होंने 32 घंटे 56 मिनट 3 सेकंड पूरे कर लिये हैं। उनकी कक्षाओं में अब तक छात्रों के 9 अलग-अलग समूहों ने भाग लिया है। प्रत्येक बैच में 27 + छात्र शामिल हैं। साथ ही 16 विशेष गवाह आईटी के क्षेत्र से विशेषज्ञ, 16 गवाह अन्य प्रसिद्ध क्षेत्रों से, और 16 टाइमकीपरों द्वारा रिकॉर्ड किये गये हैं। उनका इरादा मंगलवार की सुबह 9 बजे तक एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का है। दूसरे दिन शुभचिंतकों ने संतोष को उनके प्रयास को सफल बनाने के लिये शुभकामनाएं दीं। 23 जनवरी को प्रातः 9 बजे निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया जायेगा।

# राम महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को देश भर के साथ रांची भी आध्यात्मिक उत्साह से गूंज उठी, जब अयोध्या में भगवान राम के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण हुआ। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों ने अयोध्या में राम मंदिर के अनुरूप अपने पंडाल का निर्माण किया और दो दिवसीय राम महोत्सव का आयोजन किया। जहां रामोत्सव के पहले दिन कार्यक्रम का शुरुआत मनोरम झांकी के साथ नगर भ्रमण कार सेवकों का सम्मान एवं स्वती मिश्रा अनुपम यादव जैसे अन्य सुप्रसिद्ध गायिकाओं के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं रामोत्सव के दूसरे दिन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ एवं श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण महा भोग भंडारे का वितरण एवं बनारस से आये आचार्य के द्वारा श्री राम प्रभु का आरती एवं बाबा भोले के शिव तांडव स्त्रोत पर बेहद ही आकर्षक आरती का आयोजन भी हुआ। दीपोत्सव के साथ 45 मिनट तक आतिशबाजी की गयी। सांस्कृतिक संध्या में बिहार के सुप्रसिद्ध गायक अरविंद अकेला उर्फ कल्लू, निशा उपाध्याय सहित कई अन्य कलाकारों ने अपने गायन की प्रस्तुति कर आयोजन स्थल पर उमड़े अकल्पनीय जन सैलाब को राममय वातावरण में झूमने को विवश कर दिया।

आज का यह दिन ऐतिहासिक बनाने को लेकर पूरा राजधानी रांची शहर सुबह से लेकर देर रात तक प्रभु राम के उत्सव में पूरी तरह से तल्लीन और सराबोर दिखा। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से राम उत्सव के इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पूरा शहर राममय बनाने को लेकर लगातार प्रयासरत रहा एवं इस आयोजन का जन समर्थन इस प्रकार रहा की आयोजन स्थल से काफी दूरी तक भक्तों का जन सैलाब के कारण तिल रखने भर की जगह भी नहीं रही। आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि हम लोग रामोत्सव का हिस्सा बन सके। जो सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था उसे साकार होते हम लोगों ने देखा है। आज पूरी दुनिया राम में हो गयी है।



# पारस एचइसी अस्पताल ने पॉलीट्रामा को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चिकित्सकों को पोलीट्रामा का संपूर्ण प्रबंधन कैसे हो और इसके मरीज को कैसे बेहतर इलाज कर बचाया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी पारस एचइसी हॉस्पिटल में दी गयी। यह कार्यक्रम सोसाइटी ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन इन इंडिया के सह संयोजन में आयोजित था। होटल रेडिसन ब्लू में एडवांस ट्रामा लाइफ सपोर्ट कार्यशाला भी हुई।

पारस एचइसी अस्पताल के डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि राज्य के सुदूरवर्ती इलाके के चिकित्सक सबसे पहले मरीज को इलाज उपलब्ध कराते हैं, उसके बाद ही मरीज को हमारे यहां बेहतर इलाज के लिए भेजते हैं। हम चाहते हैं कि मरीज जब हमारे पास आये, उसके पहले शुरुआती इलाज में किसी भी तरह की असावधानी ना बरती गयी हो। क्योंकि मरीज की प्राथमिक चिकित्सा में किसी भी तरह की असावधानी बरती जाती है, तो फिर उस मरीज की आगे का इलाज करने में काफी परेशानी आती है। सोसाइटी ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन इन इंडिया के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ सुदीप चक्रवर्ती ने पोलीट्रामा के मरीजों का प्राथमिक प्रबंधन कैसे हो, इस पर चर्चा की। उपाध्यक्ष डॉ राम्यजीत लाहिरी ने भी विचार रखे। मौके पर उपस्थित पारस एचइसी अस्पताल के मार्केटिंग महाप्रबंधक कुमार यशवंत ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद राज्य के सुदूरवर्ती चिकित्सकों को मरीज की प्राथमिक चिकित्सा के बारे में प्रशिक्षित करना है। डॉ शिव अक्षत ने कहा कि पोलीट्रामा के मरीज का दुर्घटना स्थल से लेकर आइसीयू तक विशेष ध्यान रखना पड़ता है। खासकर युवा वर्ग ज्यादातर पोलीट्रामा के शिकार होते हैं। डॉ मेजर रमेश ने बताया कि पोलीट्रामा के मरीज का इलाज दुर्घटना स्थल से ही शुरू हो जाता है। न्यूरो सर्जन डॉ सचिन कुमार सिंह ने बताया कि पोलीट्रामा के मरीज को किसी भी अप्रशिक्षित व्यक्ति के द्वारा इलाज नहीं करनी चाहिए। इमरजेंसी विभाग के प्रमुख डॉ अबिन पाल ने बताया कि पोलीट्रामा के इलाज के लिए एक जगह इलाज से संबंधित सारे चिकित्सकों की उपस्थिति आवश्यक है। कारण पोलीट्रामा में शरीर के विभिन्न अंगों की जांच एक साथ करनी पड़ती है, ताकि पता लगाया जा सके कि मरीज का कौन-कौन अंग दुर्घटना में विफल हुआ है। डॉ विवेक गोस्वामी, डॉ अंकुर सौरव ने भी विचार रखे।



## मर्यादा पुरुषोत्तम त्याग की प्रतिमूर्ति हैं : प्रतुल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने ट्वीट कर कहा कि राम लला के अपने सिंहासन में विराजमान होने की से देश की अस्मिता, शौर्य और आत्मविश्वास बढ़ा है। मर्यादा पुरुषोत्तम त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। दुनिया में कोई दूसरा उदाहरण नहीं जब पिता की आज्ञा पर पुत्र ने सिंहासन त्याग दिया। जिसके लिए सिंहासन त्याग हुआ, उसने उसी भाई के खड़ाऊ रखकर शासन किया।प्रतुल ने ट्वीट में लिखा कि आज केवल नेत्र ही नहीं अपितु शरीर का रोम-रोम श्रीराम लला का दर्शन कर रहा था। अदभुत, अव्यक्त और अलौकिक है, मयार्दा पुरुषोत्तम का 500 वर्षों के निर्वासित जीवन के बाद एक भव्य राष्ट्र महल में लौटना। आज रामलला की शुभ प्राणप्रतिष्ठा की मंगल बेला में कोटि-कोटि नमन।



## जश्न के साथ राममय हुआ पिठोरिया

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। अयोध्या में प्रभु श्रीराम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पिठोरिया क्षेत्र के 49 गांवों में सोमवार की सुबह से ही जश्न का माहौल रहा। सभी देवालयों की साफ-सफाई कर उसे सजाया गया था। बस्तियों को भी भगवा पताका से पाट दिया गया। घरों में राम जी के साथ बजरंगबली का ध्वज लगाया गया। पिठोरिया गांव में महिला एवं पुरुषों ने भजन-कीर्तन करते हुए ग्राम भ्रमण किया। कहीं-कहीं महाआरती व भंडारा का आयोजन किया गया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होते ही पूरे क्षेत्र में पटाखे फोड़े गए और मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई। दूसरी ओर अबीर की होली खेली गई और रात में दीपावली मनायी गई। सनातन धर्मावलंबी अपने घरों को दीपक से सजाये और मंदिरों में भी दीप प्रज्वलित किया।

# पिस्कानगड़ी में भव्य कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर कुम्हार टोली में सोमवार को श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन हुई।इस अवसर पर पुजारी अरुण प्रामाणिक, सुरेश प्रामाणिक, अजय केशरी, जलेश्वर महतो, सोनू कुमार, रामखेलावन बैठा, महाबीर महतो, छोटू महतो, दिनेश महतो, कालेश्वर महतो, दिनेश महली, सत्यनारायण चौधरी सपत्नीक पूजन अनुष्ठान में शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को श्री वेदमाता गायित्री ट्रस्ट के पुरोहित आचार्य जटाशंकर एवं लक्षण द्वारा मंत्रोचार एवं विधि विधान के साथ संपन कराया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा और नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी शामिल हुईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बजरंग महतो, शशिभूषण भगत, संजय महतो, मनोज कुमार, सुधाकर बैठा, अरुण प्रामाणिक, बलराम साहू, कृष्ण महतो, नानकु महतो का योगदान रहा।



# 7232 उर्दू शिक्षक पद सृजन बेहतर कदम : अमीन

### 3712 उर्दू सहायक शिक्षक के पदों का प्रत्यर्पित दुर्भाग्यपूर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 7232 उर्दू शिक्षक के सहायक आचार्य पदों का सृजन किया जाना एक स्वागतयोग्य कदम है, जिससे राज्य में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति का रास्ता प्रशस्त होगा। लेकिन 3712 रिक्त उर्दू सहायक शिक्षक के पदों का सहायक आचार्य के पद में प्रत्यर्पित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि 3712 उर्दू सहायक शिक्षक गैर योजना मद का पद पूर्व से अविभाजित बिहार से प्राप्त है। बिहार से झारखंड को 4401 उर्दू यूनिट मिली थी। 2014-15 में मात्र 689 यूनिट पर उर्दू शिक्षक बहाल किये गये, जबकि शेष पद अब तक रिक्त रह गये हैं। वर्तमान में रिक्त यूनिट को सहायक आचार्य के पद पर बदला गया है, यह किसी भी हाल में मान्य नहीं है। क्योंकि सहायक आचार्य ग्रेड पे 2400 का वेतनमान सहायक शिक्षक ग्रेड पे 4600 के पद से काफी कम है। इसका खामियाजा उर्दू प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को भुगतना होगा।

## यह फैसला किसी हाल में मंजूर नहीं होगा: एस अली

रांची। उर्दू शिक्षक के पद को प्रत्यार्पित कर सहायक आचार्य पद बनाने की मंजूरी का आमया संगठन ने विरोध किया। अध्यक्ष एस अली ने बताया कि बिहार सरकार से प्राप्त 4401 उर्दू सहायक शिक्षक के रिक्त 3712 पद जो वर्ग एक से पांच में ग्रेड पे 4200 और वर्ग छह से आठ में ग्रेड पे 4600 को समाप्त करके सहायक आचार्य का 7232 पद, जिसका ग्रेड पे 2400 और 2800 होगा। यह फैसला किसी हाल में मंजूर नहीं है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। विरोध करनेवालों में जियाउद्दीन अंसारी, अख्तर अंसारी, असलम अंसारी, अहमद रजा, असफाक आदिल, राजा खान, मोहसिन सबा, जीशान अदनान, आशिक खान, जाहिद खान, मोइज खान, समरुल्लाह अंसारी, अल्ताफ खान इत्यादि शामिल हैं।

## भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता व हनुमान बने बाल कलाकारों ने मोहा मन



पिस्कानगड़ी। अयोध्या में राममंदिर में भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगड़ी प्रखंड के दर्जनों गांवों में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। श्री मानस प्रचार मंडल के सदस्यों द्वारा दुर्गा मंदिर में सुंदर कांड का सस्वर पाठ और भगवान राम की आतरी की गयी। इधर, प्रखंड के ललागुटवा पंचायत के करम टोली स्थित शिव मंदिर, बजरंग बलीमंदिर से कलश यात्रा निकाला गया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के अलावा राम भक्त हनुमान बने थे।

# प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर खूंटी राममय

**सड़कों और मंदिरों में उमड़ा रामभक्तों का जनसैलाब**

**लोगों ने कहा : समारोह ने कलियुग में त्रेता युग का करा दिया अहसास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अयोध्या नगरी में विश्व के पालनहार भगवार राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को जो नजारा लोगों ने देखा वह अद्भुत और अलौकिक था। हर ओर रामधुन और भगवा ध्वज और भगवाधारी रामभक्तों के सैलाब के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा था। कहीं पूजा-पाठ तो, कहीं आरती हो रही थी, तो कहीं हवन, तो कहीं भंडारा हो रहा था। सुदूर दुर्गम पर्वतीय गांव हो या शहर ओर सिर्फ रामभक्ति की दिख रही थी। पूरा इलाका राममय नजर आ रहा था। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातनियों का उत्साह अभूतपूर्व था। बड़े-बुजुर्गों ने भी कहा, रामभक्ति का ऐसा जोश और उमंग न भूतो न भविष्यति। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने त्रेता युग को तो नहीं देखा था, पर भगवान राम क प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने इसका अहसास करा दिया। सुबह से ही विभिन्न मदिरों और धार्मिक स्थलों पर भक्तो का तांता लगने लगा औ यह सिलसिला देंर रात तक जारी रहा। हर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। विभिन्न पूजा समितियों और सामाजिक संगठनों द्वारा भी प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। रामभक्तों का ऐसा सैलाब रामनवमी मे भी नजन नहीं आता है, पर सड़कों पर उतरे सैलाब से भीड़ के सारे कीर्तिमान तोड़ दिये। इस तरह की भीड़ को देखकर पुलिस के भी हाथ-पांव फूलने लगे थे, पर सब समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हो गये। दुकानदारों का कहना है कि झंडों की इतनी मांग होगी, ऐसा तो कभी सोचा ही नहीं था। कई लोगों ने झंडा न मिलने पर फोटो लगाकर गांव में पूजा-अर्चना की। बाबा आम्रेश्वरधाम, नामकोम शिवालय, बुढ़वा महादेव सहित तमाम मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही।





**सरना धर्मावलंबियों ने की की पूजा-अर्चना, गांव में मंदिर बनाने का लिया संकल्प:** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तोरपा प्रखंड के दुर्गम चंपा बाहा गांव में सरना धर्मावलंबियों का उत्साह देखते ही बनता था। गांव वालों ने पारपंरिक वेशभूषा में ग्राम प्रधान रेड़ा मुंडा और पाहन शशि मुंडा के नेतृत्व में रामध्वज, सरना झंडा और बजरंगबली का झंडा लगाकर पूजा-अर्चना की और भजन-कीर्तन के साथ ही भंडारे का आयोजन किया। मौके पर ग्रामीणों ने चंपा बाहा गांव में हनुमान मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया। इस पावन अवसर पर कई जगहों पर मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ, तो कई जगहों पर मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा।

## आज तोरपा आयेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को एनएचपीसी मैदान तोरपा में जनसभा को संबोधित करेंगे और अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे। इसको लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, बीस सूत्री के उपाध्यक्ष और झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सहित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और सभी तयारियां पूर्ण कर लेने का निदेश दिया। कार्यक्रम में आनेवाले मुख्य अतिथि के अलावा सभी जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लें।

## शिक्षा ही विकास की पूंजी : डॉ राजाराम महतो



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को सोनाहातू प्रखंड के कोड़ाडीह गांव में बीएम पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन भारत सरकार के राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ राजाराम महतो ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। उन्होंने समारोह में कहा कि शिक्षा ही विकास की पूंजी है। शिक्षा के बगैर हम विकास की कल्पना नहीं कर सकते। शिक्षा ही लोगों का मूल आधार है। इसके साथ - साथ संस्कृति को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। समारोह के दौरान स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के वंशजों को रामलला का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।मौके पर स्कूल के निर्देशक पंचानन महतो, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे

## सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से मंदिरों में किया गया दीप का वितरण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मंदिरों में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से दीप का वितरण किया गया। इस मौके पर कार्यकताओं ने पिपरवार मंडल के सभी पंचायतों के मंदिरों में सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से दीप का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र के मंदिरों में दीप जलाने को लेकर दीया भेजा गया था जिसे कार्यकताओं ने उत्साह के साथ वितरण करते हुए मंदिरों में दीप जलाने की अपील की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, दिलीप अम्बष्ट, कृष्ण मुरारी मोदी, महेश प्रसाद, सुदामा करमाली, मंगल साव, संजय दुबे, मुंशी महतो, प्रवीण दराद,लक्ष्मण मंडल, मुकेश राणा,भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा,राम प्रसाद महतो, अनिल सिन्हा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजुद थे।

## मांझी टोली में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड मांझी टोली स्थित श्याम चांद मंदिर मे आज दुसरे दिन मुर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। सुबह 9 बजे से पूजा शुरू हुआ साढ़े दस बजे भगवान को पुराने मंदिर से नये मंदिर मे स्थापित किया गया इसके बाद विधि विधान से बाकुडा के पंडितों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। महाप्रसाद का वितरण दोपहर दो बजे से शाम तक किया गया। शाम को भगवान की आरती की गयी, जहां हजारों लोग ने इस पूजन में शामिल हुए। समाज के द्वारा इस मंदिर का पुनं निर्माण किया गया। आज 24 घंटे अखंड कृतन किया जायेगा।

## स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, तीन व्यक्ति घायल

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी थाना क्षेत्र के डकरा पिपरवार मुख्य मार्ग के चुरी बगलता घाटी मे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पुल के गाड़वाल से टकरा कर गड्ढे में जा गिरी। यह दुर्घटना इतना भीषण था कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गाड़ी में सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। परियोजना के अधिकारी और कई राहगीरों की मदद से सभी घायलों को डकरा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। गाड़ी में सवार तीन व्यक्तियों की पहचान केडीएच परियोजना के कांटा बाबू राजेश सिंह, कोयला कारोबारी विकास यादव और रांची के कुंदन सिंह के रूप मे की गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद डकरा अस्पताल में लोगों की काफी भीड़ जुट गयी। परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह समेत कई अधिकारी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना।

## मैकलुस्कीगंज के शिव मंदिरों में लाइव प्रसारण



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में पूरा भक्तिमय हो गया।क्षेत्र के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन एव खीर प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही मंदिरों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। मंदिरों में पूजा करने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी रही। क्षेत्र के लपरा शिव मंदिर, नावाडीह, धमधमिया नौ नंबर शिव मंदिर और खलारी बाजार टाँड़ शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। खीर प्रसाद वितरण किया गया।लपरा शिव मंदिर में अयोध्या श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का एलसीडी के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर मुखिया पुतुल देवी, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, जितेंद्रनाथ पांडेय, मनोज गिरी, दौलत शर्मा, मधुसूदन चौरसिया, अरविन्द लाल, विजय गुप्ता, मुकेश गिरी, रूपेश चौरसिया, अनिल गंझू, बबलू गुप्ता अशोक गुप्ता,सुबोध रजक, सुनील गिरि, सुनील पान, मुकेश गिरि, संतोष प्रसाद, रमेश गुप्ता, गणेश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ राममय हुआ खलारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूरा खलारी प्रखंड क्षेत्र भी राममय हो गया। पिछले दो दिनों से बाजार, चौक चौराहों, गली मुहल्लों को भगवा झंडियों व पताकों से पाटा जा रहा था। सोमवार को लोगों का उत्साह चरम पर था।



प्रखंड के एकमात्र भगवान राम के मंदिर श्रीजानकी रमन मंदिर सहित सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा करने के लिए आने लगे थे। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। मंदिर परिसर में ही कीर्तन मंडली हरिकीर्तन गा रही थी, जो शाम तक चलता रहा। इसके अलावा करकट्टा, धमधमिया, रोहिणी, मोहननगर, खलारी बाजारटांड़, हेसालोंग, नवाडीह, लपरा, केडी, डकरा चुरी, सुभाशनगर सहित अन्य जगहों के प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं लोग टीवी व इंटरनेट मीडिया पर अयोध्या जी में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव भी देखे। शाम में सभी घरों के बाहर और मंदिरों में दीपक जलाये गये। कार्यक्रमों के दौरान पुलिस चौकस थी। कई जगह स्टैटिक पुलिस तैनात थी।

**हिन्दूगढ़ी चौक में हुई भगवान राम की पूजा:** केडी खलारी में 1990 में बलिदान हुए कारसेवकों की स्मृति में बनाए गए हिन्दूगढ़ी चौक पर भगवान राम की तस्वीर रखकर पूजा की गई। चौक को फूलों से आकर्षक सजाया गया था। पुजारी सोनू दुबे ने पूजन कराया। कार्यकताओं ने खीर प्रसाद का वितरण किया।

**खलारी बैंक चौक में हुई पूजा, बंटा प्रसादः** खलारी बैंक चौक को फूलों से सजाया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच हलवा प्रसाद बांटा। इधर गुलजारबाग में शाम को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

**शाम में घर-घर मना दीपोत्सवः** सोमवार की शाम क्षेत्र के मंदिरों, चौक चौराहों से लेकर घरों में दीपोत्सव मनाया गया। कई जगह दीवाली की तरह पटाखे भी जलाए गए। विद्युत लड़ियों से सजे मंदिर आकर्षक लग रहे थे।

## पिपरवार में हुई जनता मजदूर संघ की बैठक में कोयला मजदूरों की समस्या पर हुई चर्चा




पिपरवार (आजाद सिपाही)। श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ की एक आवश्यक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय पिपरवार में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता निर्मल उरांव और संचालन संघ के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह के द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आशीष कुमार दुबे ने किया। बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सुबह 10:30 बजे क्षेत्रीय कार्यालय बचरा मे झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्र में संगठन की सदस्यता बढाने और 28 जनवरी रविवार को क्षेत्रिय कार्यालय में एक आवश्यक बैठक और मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर भी चर्चा की गई है और सभी मजदूरों को एकजुट होने की अपील की गई। बैठक में मुख्य रूप से बालेश्वर सिंह, अजीत सिंह, विजय प्रसाद, नंददेव राम, मुंशी राम, प्रेम कुमार, केके शर्मा, विकाश कुमार, उद्देश, आम्रपाली चंद्रगुप्त और पिपरवार अशोक क्षेत्र से यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।

# भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन रहा कोयलांचल



**प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पिपरवार में कई जगहों पर हुआ कार्यक्रम, मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का पूरा इलाका भगवान श्री राम की भक्ति में लीन रहा। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं क्षेत्र के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। बचरा चार नंबर चौक स्थित शिव मन्दिर, बचरा बाजारटांड़ स्थित हनुमान मन्दिर, शीतला मन्दिर, श्रीराम जानकी मन्दिर, काली मन्दिर, पंचमुखी हनुमान मन्दिर, बीओसी हनुमान मन्दिर, राय शिव मन्दिर, पुरानीराय स्थित झारखंडी मन्दिर सहित कोईलांचल क्षेत्र के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। इस अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र के राम भक्तों ने अपने-अपने घरों के अलावा मंदिरों में दीप जलाकर उत्साह मनाया।

## झांकी के साथ निकाली गयी शोभायात्रा



पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत मे अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा पूरे इलाके का भ्रमण किया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। झांकी में राम, लक्ष्मण, सीता, शंकर, पार्वती और हनुमान के वेशभूषा में लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में शामिल सभी राम भक्त राय शिव मंदिर में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर नागेश्वर महतो, विष्णु साहु, जगदीश सोनी, शंकर सिंह, उदय प्रताप सिंह, रीतेश केशरी, बेगी महतो, राम अवतार राम, रघुनंदन प्रजापति, रवि सोनी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शोभा यात्रा में शामिल थे।

## स्व. सुधीर महतो की पुण्यतिथि मनायी



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ मोड़ पर सोमबार को झामुमो प्रखंड कमिटी द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुधीर महतो की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। और झारूवा मोड़ का नामांकरण स्व. सुधीर महतो चौक रखा गया। इस अवसर पर मंगल महतो, निताई उरांव, अभय यादव, प्रखंड अघोर प्रसाद महतो, हरेंद्र नाथ महतो, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, खगेंद्र महतो, भीष्म देव महतो किसुन किस्कू सहित झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा पर रामायण और कीर्तन का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मिलन चौक के राम मंदिर परिसर में रामायण और कृतन का आयोजन किया गया। सुबह से ही राम मंदिर में पूजा अर्चना किया गया, साथ ही सुबह से महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम में ईचागढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो शामिल होकर राम भक्तो का उत्साया बढ़ाया। राम मंदिर प्रांगण को फूलों से ढुल्हन की तरह सजाया गया था। वहीं नगर कृतन के माध्यम से पूरे मिलन चौक में राम नाम का जप लगाकर भ्रमण किया।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तमाड़, बुंडू, सोनाहातू और राहे हुआ राममय

## प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तमाड़ हुआ राममय



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** अयोध्या में आज भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तमाड़ पुरी तरह राममय हो गया। छोटे बड़े सभी मंदिरों भगवान राम के गीत बज रहे थे। सभी मंदिरों में पंडितों द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद खीर प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर में सभी जगहों से बाजे गाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। लोग नाचते-गाते रहे और जय राम का नारा लगा रहे थे। शाम को घरों मे घी के दिए जलाये गये।

## प्राण प्रतिष्ठा पर बुंडू भगवान राम के भक्ति में डूबी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा पर पूरा बुंडू भगवान राम के भक्ति में डूबी। नगर में दिनभर युवा और सनतन धर्मावलम्बियों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए मोटरसाइकिल एवं कार रैली निकाली। महिलायें भी पीछे नहीं रही। नाचते गाते जहां शोभायात्रा में शामिल हुई वहीं महावीर मंदिर समिति थानारोड के युवाओं ने पांच सौ एक्यावन किलो लड्डू नगर में बांटने निकले।



मंदिरों में खीर, खिचड़ी और प्रसाद का वितरण हुआ।

रानीचुंआ में भक्तों ने अयोध्या महोत्सव मनाया। जहां दो हजार से भी ज्यादा भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर नगर में राम मंदिर से जुड़ा भक्ति गीत बजती रही। वहीं नगर में दो दिनों से ध्वज, पताकों और केशरिया रंग के झंडों से सड़कों को सजाया गया। और लोगों ने शाम को अपने घरों में दीप जलाकर भगवान राम के आगमन की खुशी मनायी गयी।

# राहे में निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** अयोध्या में राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के हर गांव में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। हर मंदिरों में पूजा और हवन का कार्यक्रम विधिवत रूप में किया गया। राहे सोलह आना समिति के द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में राम मंदिर स्थापना किया गया। स्थापना के पूर्व कोकरो नदी के पवित्र जल को कलश में लेकर महिलाओं ने पूरे गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली और कलश के जल से जलाभिषेक कर राम मंदिर की स्थापना की है। इधर बजरंगबली समिति नावागांव के द्वारा नवागांव से राहे कोकरो नदी से कलश यात्रा निकाली और बजरंगबली मंदिर में पूजा-हवन का कार्यक्रम किया गया। मांझीडीह-कुबाडीह श्रीराम जानकी मंदिर में मानस पाठ, भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सताकी-हल्दीबेड़ा राम मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का पाठ किया गया। शाम को सभी कमिटि के द्वारा सामूहिक रूप में शोभा यात्रा और मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया।



## सोनाहातू में गली-गली गूंजा जय श्री राम



सोनाहातू। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे सोनाहातू प्रखंड के गली-गली में जय श्री राम के जयघोष से दिन भर भक्ति से सराबोर रहा। सोनाहातू ठाकुरबाड़ी दुर्गा पूजा समिति उलीडीह के द्वारा मंदिर परिसर में विधिवत पूजन हवन किया गया इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। शाम को मोटरसाइकिल जुलूस निकाली गयी। सोनाहातू व्यावसायिक संघ के द्वारा, गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। धनेश कुशवाहा, पवन जयसवाल, विपिन सिंह,के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। जामुदाग रुद्र सेना के सदस्यों ने बजरंग बली मन्दिर परिसर में हवन पूजन किया गया। शाम को जामुदाग से जाड़ेया तक शोभायात्रा निकाली गयी।

## अबेकस प्रतियोगिता परीक्षा 2024 में अक्षित ओझा ने हासिल किया दूसरा स्थान




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य स्तरीय एसआइपी अबेकस प्रतियोगिता परीक्षा 2024 में अक्षित ओझा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता खेलगांव के इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। एसआइपी अबेकस डंगराटोली रांची सेंटर की प्राचार्या निरूपमा सिंह एवं शिक्षिका मोनालिसा ने अक्षित ओझा के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष पाण्डेय और परिवार के सभी सदस्यों ने आशीर्वाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर युगेश कुमार ओझा, सविता ओझा, अजय ओझा, अपर्णा भाव्या, आराध्या उपस्थित रहीं।

### अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा होने पर रांची सांसद ने पीएम मोदी का जताया आभार

# देश में रामराज्य का आगाज : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** रांची सांसद संजय सेठ सोमवार को भाजपा खिजरी मंडल के सांसद समाधान केंद्र कार्यालय पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने सर्वप्रथम नामकुम सदाबहार चौक स्थित मंदिर में जाकर श्रीराम का आशीर्वाद लिया। उन्होंने अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि देश में रामराज्य का आगाज हो गया है। करोड़ों सनातन धर्मी आज भाव विव्हल, अनुग्रहित एवं संतोष का अनुभव कर रहे है। भगवान राम को उनकी जन्मभूमि अयोध्या में पुनर्स्थापित करना ऐतिहासिक क्षण है। आज देश लाखों बलिदानियों को नमन कर रहा है। जिन्होंने 500 साल के संघर्ष में प्राणों की आहूति दी। इस अवसर पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि पेय जल विभाग सरोज राय, बनो और बनाओ मंच के संस्थापक रामाधार सिंह, सचिव अखिलेश यादव, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, भाजपा नेता रितेश उरांव, दिलीप साहू, गोपाल चौधरी, प्रज्ञा भारती, जयंती देवी, शिल्पी शालिनी, स्मिता देवी, नीतू कुमारी आदि शामिल हुए।






नामकुम सदाबहार चौक स्थित मंदिर में मत्था टेकने पहुंचे सांसद संजय सेठ व अन्य। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सनातनियों की ओर से निकाली गयी भव्य झांकी।

### नामकुम में गाजे-बाजे के साथ निकली झांकी

वहीं, नामकुम प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गाजे-बाजे के साथ सोमवार को भव्य झांकी व जुलूस निकाली गयी। जुलूस श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के तत्वाधान में नामकुम बाजार से महावीर मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर सदाबहार चौक होते हुये महावीर अखाड़ा तक एवं टाटीसिलवे की जनता के द्वारा काली मंदिर से आजाद बस्ती टाटीसिलवे चौक होते हुये ईईएफ मैदान पहुंची। इस दौरान वाहन पर प्रभु राम, लक्ष्मण, हनुमान और सीता के स्वरुप धारण कर लोग पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। झांकी में सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इस दौरान जयकारे गुंजते रहे। जुलूस में विधि-व्यवस्था संधारण के लिये पुलिस के जवान शामिल थे। लोगों ने कहा कि हमलोगों के लिये 22 जनवरी दिवाली और दशहरा से कम बड़ा पर्व नहीं है। कई साल के बाद अपने जन्मभूमि में श्रीराम विराजमान हो गये है। इसलिए हम सभी लोग आज अपने घरों व आसपास के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दीये जलाकर जश्न मना रहे है। इस अवसर पर मंदिरों में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद पुड़ी, सब्जी और बुदीयां का भोग लगाकर महाप्रसाद का वितरण किया। मौके पर बरगावां मुखिया अनिता तिर्की, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, मनोज कुमार सिंह, बिक्कू सिंह, पवन सिंह, गोल्डी सिन्हा, टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन, गरुण खरवार, शिक्षक कुंदन कुमार, वार्ड हेमंत शर्मा, शशांक, रोहन, नवीन, रोशन, प्रेम, आकाश, पंकज, अभिषेक के साथ सैकड़ों राम भक्त शामिल थे।

## भगवा रंग में रंगा ओरमांझी प्रखंड



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में हुए भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा प्रखंड राममय हो गया। सुबह से ही लोग उत्साहित दिखे। घरों की साफ-सफाई और मंदिरों में पूजा पाठ किया। भगवा रंग में रंगा प्रखंड अयोध्या में होने वाले राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने को आतुर था। मंदिरों में पूजा पाठ के साथ ही दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में भजन कीर्तन, सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ, जागरण का आयोजन हुआ। गांगु टोला, चेतन बारी, शास्त्री चौक द ड़दाग, पांचा, बारिडीह, कुच्चू, ड़हु, सिल्दिरी, चूटटूपालू, पिस्का स्थित शिव मंदिर समेत पूरे प्रखंड में भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया।

# बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित गांवों में प्राण प्रतिष्ठा पर अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन






**राम के उल्लास में युवा वर्ग घंटों भजन कीर्तन में झूमता रहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बेड़ो में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का जनसैलाब उमड़ा। राम के उल्लास में युवा वर्ग घंटों जुलूस व भजन कीर्तन में झूमता रहा। लोगों ने जय श्रीराम व शिया राम जय जय राम के गगनचुंबी नारे लगाए। गांव से आये जुलूस के बीच जय श्री राम के जयघोषों के साथ मुख्यालय के महावीर चौक से देवी मंडप चौक होते हुए महादानी मैदान पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड मुख्यालय के ऐतिहासिक महादानी मंदिर सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भव्य कलश यात्रा, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान किये गये।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनगड़ा में निकाली भव्य शोभायात्रा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में सर्व हिंदू समाज की ओर से अनगड़ा में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। ज्योतिष महतो के नेतृत्व में बाइकों से निकाली गई शोभा यात्रा गोंदलीपोखर चौक से शुरू होकर अनगड़ा तक गई फिर अनगड़ा से गोंदलीपोखर होते हुए टाटीसिलवे तक पहुंची। उसके बाद पूनः गोंदलीपोखर वापस लौटी। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा इलाका राममय हो गया। शोभा यात्रा में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चौधरी, सुरेंद्र महतो, जैलेंद्र कुमार, मनोज चौधरी, नीलकंठ चौधरी, रामकृष्ण चौधरी, नरेश साहू, अजय महतो, रामसाय मुंडा, दुर्गा महतो, रामनाथ महतो, बनमाली महतो, शिवशंकर केशरी, जगेश्वर महतो, रंजीत केशरी सोनू, विक्की सोनी, सूरज गुप्ता, पंकज महतो, अभिषेक केशरी, राजेंद्र साहू, विवेक केशरी, विवेक सोनी, सचिन केशरी, संजय नायक आदि शामिल थे।

# इटकी में भक्ति और आस्था के संगम में दिखा उत्सव का विहंगम नजारा



**इटकी (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इटकी के जन मानस में आस्था, विश्वास और भक्ति से सराबोर होकर दिन भर उत्सव का विहंगम नजारा दिखा। हर कोई किसी ना किसी रूप से प्राण प्रतिष्ठ उत्सव का साक्षी बनने की कोशिश करते दिखा। कहीं पर श्रीराम भजन तो कही अखण्ड हरि कीर्तन तो कहीं सत्यनारायण कथा तो कहीं सुंदर कांड पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। प्रातः से ही श्रीराम भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। सूर्य की किरण फुटते ही भक्तों का भीड़ मंदिरो में पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी। अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होते ही लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाये और एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर बधाई दी। इटकी के श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद महाआरती की गई। महिलाओं द्वारा भजन के बाद 151 किलो ग्राम का खीर का भोग लगाया और प्रसाद वितरण के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। महावीर मंदिर में सत्यनारायण कथा,कृतन मंडली द्वारा सामूहिक कृतन भजन किया गया और प्रसाद वितरण भंडरा किया। बनिया टोली स्थित रुद्र महाकाल मंदिर पूजा अर्चना और भजन किया गया। कोयरी टोली में 12 घंटे का अखण्ड हरि कृतन की गई। इधर हरही गंगा जल, गड़गांव, मोरो, चचगुरा, भंडरा, कुल्ली, तिलकसुती, सुगदा, मल्टी, मकुन्दा, दरहाटांड़, बारीडीह, कुन्दी, रानीखटंगा, तरगड़ी, तिलकसुती सहित अन्य गांवों के मंदिरों को भी भव्य रूप से सजाये गये और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सूर्य का किरण ढलते ही मंदिरो में महा आरती के बाद दीपोत्सव मनाया गया।अधिकांश जगहों पर दिन में होली व रात में दीपावली का माहौल बना रहा।

## खिजरी विधायक के सलाहकार के छोटे भाई का निधन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सलाहकार पंचू तिर्की के छोटे भाई संचू तिर्की (39) का निधन हो गया। रविवार शाम 7.55 बजे रांची स्थित पारस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को बड़ाम बगीचा स्थित सपाही नदी मुक्तिधाम घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार में भाई पंचू तिर्की, विधायक राजेश कच्छप, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, रंजीत बड़ाईक, बड़ाम मुखिया कृष्णा लोहरा, समाजसेवी संतोष कुमार बड़ाईक, निखिल दागल सार, सत्यनारायण गोप, दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि शामिल हुए।

# मांडर में दिनभर रहा उत्सव का माहौल, निकली कलश यात्रा

**मांडर (आजाद सिपाही)।** नवनिर्मित राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला के स्थापना के अवसर पर मांडर प्रखंड के कंदरी पुंनगी करकरा में भी जन जागृति युवा क्लब के नेतृत्व में श्री राम उत्सव का आयोजन किया गया। शिव मंदिर में ग्राम पुरोहित अनिल पाठक जी के मंत्रोचार के बाद कंदरी तालाब से जल लेकर श्रद्धालुओं ने ग्राम कंदरी देवी मंडप से पुंनगी चौक फुसरा टांड होते हुए शिव मंदिर में हवन किया। वहीं, चान्हो महावीर मंदिर चोरेया में राम उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मौके पर उत्कर्ष तिवारी, समाजसेवी अमिताभ पाठक, शिवम पाठक, विनय पाठक, सुशील गोप आदि उपस्थित थे।

## ग्रामसभा के बाद मुखिया को जान से मारने की धमकी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड के हहाप पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप एवं उनका गांव इन दिनों दहशत में जी रहा है। मुखिया को जान से मारने की मिली धमकी के बाद मुखिया सहित पूरे हहाप गांव के लोग सहमे हुए है। मुखिया ने नामकुम पुलिस को आवेदन देकर सुरक्षा और कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। आवेदन में बताया गया कि रविवार को जमीन मामले को लेकर गांव में ग्रामसभा आयोजित की गयी थी। उक्त जमीन झारी उरांव के नाम से है। उक्त जमीन को जमीन माफिया किसी अज्ञात व्यक्ति को वंशज बनाकर बेचना चाह रहे थे। ग्रामसभा की बैठक में वंशज अज्ञात व्यक्ति गलत साबित हुआ। जिसके बाद जॉन लिंडा और विनोद लिंडा शाम को 20 अज्ञात लोगों के साथ ग्राम चरना बेड़ा पहुंचा और वहां कुछ स्थानीय लोगों को पकड़कर मुखिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसे लेकर सोमवार को मुखिया और पंचायत के लोगों ने नामकुम थाना में प्राथमिक दर्ज कराकर कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर मुखिया नन्हे कच्छप, रामपुर पूर्व मुखिया चामू बेक, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, केंद्रीय सरना समिति के चम्पा कुजूर, हेमंत गाड़ी, आदिवासी सेना केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप, मनसा बड़ाईक, सुमन लोहरा, वार्ड सदस्य मादी टोप्पो, विनोद कच्छप, मरीयम लकड़ा, दुकमा कच्छप आदि शामिल हुए।

### लापुंग में मंदिरों में पूजा-पाठ, भजन कीतर्न और भंडारा का आयोजन

# भारत ही नहीं, पूरे विश्व में दिखा अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह : सन्नी टोप्पो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** प्रखंड में भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर सनातनी धर्म प्रेमी गांव के मंदिरों में विशेष पूजा पाठ व दीप प्रज्ववलित कर उत्सव मनाया। हनुमान मंदिर फतेहपुर में भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने माथा टेका। कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम में सनातनियों की आस्था जुड़ी है। इस दिन भारत ही नहीं, विश्व में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जबरदस्त उत्साह दिखा। समाजसेवी जयनाथ साहू दाड़ी सपत्नी कलश यात्रा में शामिल हुए व 25 किलो का लड्डू प्रसाद व फतेहपुर भी खीर के लिए 31 किलो दूध दान किया। मलगो के रायटोली में प्राण प्रतिष्ठा व लापुंग में प्राचीन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार और प्राणप्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। इसके बाद आम जन के पूजा के लिए पट खुल गया। इसके अलावे फतेहपुर, दाढ़ी, महुगाव, ककरिया, हुलसु, दोलैचा, लालगंज, देवगांव आदि गांवों में आरती व खीर, खिचड़ी, लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो, मुखिया सविता उरांव, विहिप कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ने दोलैचा, ककरिया, रायटोली, लापुंग के अलावे अन्य गांव के मंदिरों में जाकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। ककरिया व दाड़ी कलश के साथ में नगर भर्मण में उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़, लापुंग के विभिन्न गांव में भगवा झंडा से पूरा गांव पट गया था। बीडीओ एमानुएल जयविरस लकड़ा व सीओ पंकज कुमार भी लापुंग के गांव में भ्रमण किए। साथ ही थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार भी सदल बल सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे।



लापुंग में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल सन्नी टोप्पो व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीतनेवाली लवली को आजसू ने किया सम्मानित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** छतीसगढ़ में आयोजित 40वीं एनटीपीसी सब जुनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजाडेरा निवासी मुनेश्वर सिंह की पुत्री लवली कुमारी ने गोल्ड मेडल जीत कर माता-पिता व परिवार के साथ ही क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। रविवार को आजसू के वरिष्ठ नेता सज्जाद आलम के नेतृत्व में राजाडेरा में आयोजित समारोह में लवली कुमारी उसकी दादा जगदीश सिंह, दादी उपासी देवी, माता संगीता देवी एवं पिता मुनेश्वर सिंह को बुके, शॉल, ट्रैक सूट सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। सज्जाद आलम ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के मार्गदर्शन में क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव सह जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र सिंह भोगता, अजीत महतो, जगन्नाथ महतो, मदरा मुंडा, मोहन महतो, लालदेव महतो, एजाज अंसारी, रूपलाल साहू आदि थे।

## सुनूवाबेड़ा फॉल में आयोजित वन पर्यावरण टुसू मेला को लेकर कमेटी का हुआ गठन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के सुनूवाबेड़ा फॉल में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें 30 जनवरी को लगने वाले 30वां वन पर्यावरण टुसू मेला के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष दुर्गा महतो, सचिव नविंद्र मुण्डा, कोषाध्यक्ष समेनाथ मुण्डा, उपाध्यक्ष पुरण चौधरी, दपसचिव रघु बेदिया, कार्यकारी अध्यक्ष बालेश्वर महतो, कार्यकारी सचिव सुरेश महतो, कार्यकारी उपाध्यक्ष अजय नायक, मुख्य संरक्षक मेला संस्थापक जगेश्वर महतो, संरक्षक मुखिया रोशनलाल मुण्डा, साहेबराम महतो, शिवनारायण चौधरी, करमलाल महतो, शंकर चौधरी, मनोज चौधरी, कामेश्वर महतो, विपीन मुंडा, मदन महतो, उमेश बड़ाईक, मोतीराम मंडा, धर्मेंद्र सिंह, विनोद महतो, बलराम महतो एंव रामजीत नायक बनाए गये।

## मासू के ग्रामीणों ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को यहां मासु के ग्रामीणों नें उत्सव के रूप में मनाया। राम भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया और मंदिरों में पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का ग्रामीणों ने टीवी पर लाइव प्रसारण भी देखा। पूजा-अर्चना के बाद लगभग 1200 रामभक्तों के बीच प्रसाद में खीर का वितरण किया गया। जिसकी व्यवस्था शंकर महतो, मंतोष करमाली, जगरनाथ महतो, बिशुन महतो, राजेन्द्र महतो आदि ने किया था। वहीं ग्राम भ्रमण का नेतृत्व ग्रामप्रधान देवराज पहान, गोपाल महतो, जगरनाथ महतो, मुल्लू महतो एवं तेजनाथ महतो कर रहे थे। मौके पर अगमलाल महतो, रामचरण महतो, पंसस मदरा मुण्डा, विशेश्वर मुण्डा, तीजन देवी, मंजु देवी, कलावती देवी, रानी देवी, शीला देवी, सारिका देवी, उषा देवी, मानिक महतो, राजाराम महतो आदि आदि थे।

## भाजपा का पुन: प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर डॉ प्रदीप वर्मा को दी बधाई




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** डॉ प्रदीप वर्मा भाजपा झारखण्ड प्रदेश संगठन के पूनः प्रदेश महामंत्री बनाए गये हैं। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के संजय नायक, राजेन्द्र महतो आदि ने आवास जाकर डॉ प्रदीप वर्मा को बुके देकर स्वागत किया और बधाई दी।

## राजाडेरा चमघटी में होगा भव्य शिव मंदिर का निर्माण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा चमघटी में शिव मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मोतीराम मुंडा ने की। बैठक में आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व की मंदिर निर्माण समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष उमेश महतो, सचिव उमेश चैधरी, कोषाध्यक्ष राजेश महतो एवं उपाध्यक्ष शिवा महतो बनाए गये। पारसनाथ उरांव ने निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह मंदिर क्षेत्र में भव्यता का प्रतीक होगा। मौके पर पप्पू महतो, मोहन महतो, अघनु मुंडा, मनोज सिंह, पुशराम चौधरी, शिवचरण महतो, श्रीकेश चौधरी, सहजनाथ चौधरी, रामचरण चौधरी, रमेश महतो, कारीनाथ महतो, बालेश्वर महली, अभिषेक मुण्डा आदि थे।

## हनुमानजी के मंदिर के लिए हुआ भूमि पूजन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** तरंगा पंचायत अंतर्गत डोमबा टोली गांव में 84 सैकेंड के अभीजित मुहूर्त में हनुमानजी के मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ। जिसका शुभारंभ जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने फीता काटकर किया। इस बीच जरूरतमंदों के बीच अधिवक्ता सहजनसेवी जिपस आशुतोष तिवारी ने 21 कंबल का वितरण किया।

# आस्था का विराट रूप

अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में भव्य रूप से प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस कार्यक्रम ने जितना व्यापक रूप ले लिया है, इसकी पहले से शायद ही किसी को कल्पना रही हो। यह सही है कि देश के हिंदू समाज का बड़ा हिस्सा इस घड़ी का लंबे समय से इंतजार कर रहा था, लेकिन फिर भी इसे लेकर जिस तरह का माहौल बना है, उसे असाधारण ही नहीं, अभूतपूर्व कहा जा सकता है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह तो यह है कि मंदिर निर्माण को लेकर देश में पूरी तरह से सर्वसम्मति बन चुकी है। जो भी किंतु-परंतु थे, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद समाप्त हो गये। देश के तमाम राजनीतिक दल इस मसले पर साथ खड़े दिख रहे हैं। जो प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो रहे, वे भी इसका विरोध नहीं कर रहे, किसी न किसी तरह से समर्थन ही जता रहे हैं। दूसरी वजह यह है कि मंदिर निर्माण की प्रक्रिया से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े संगठनों ने इस काम में किसी तरह की खेमेबाजी को आड़े नहीं आने दिया। हिंदुत्व से जुड़े तमाम पंथों, समूहों, संप्रदायों को खुले दिल से इस कार्यक्रम में शामिल किया गया। आबादी के बड़े से बड़े हिस्से को सांकेतिक रूप में ही सही, पर इस प्रक्रिया में शामिल करने के विशेष प्रयास किये गये।

**रामजन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सांस्कृतिक इतिहास में एक ऐतिहासिक आंदोलन है। यह भारत के लिए एक नये सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण की शुरुआत है, जहां हम अपनी मान्यताओं और विचारों को रखने से डरते नहीं हैं।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और उनकी छवि व लोकप्रियता का भी इस पूरी प्रक्रिया पर साफ असर देखा जा सकता है। अगर अतीत में पहले कभी इस तरह का परिदृश्य नहीं दिखा, तो उसकी एक वजह संचार के वे नये-नये साधन भी हैं, जो विज्ञान ने हाल के समय में मुहैया कराये हैं। टीवी चैनल ही नहीं, सोशल मीडिया की मौजूदगी, हर हाथ में स्मार्टफोन और इंटरनेट तक आसान पहुंच की इसमें बड़ी भूमिका रही है। इस पूरे अभियान की सबसे अच्छी बात यह है कि यह किसी के खिलाफ नहीं है। इसमें किसी भी पंथ, संप्रदाय या समूह के लिए नफरत नहीं दिख रही है। सबका पॉजिटिव नजरिया ही सामने आ रहा है। रामजन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सांस्कृतिक इतिहास में एक ऐतिहासिक आंदोलन है। यह भारत के लिए एक नये सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण की शुरुआत है, जहां हम अपनी मान्यताओं और विचारों को रखने से डरते नहीं हैं। एक राष्ट्र के रूप में हम कौन हैं, इसके बारे में हम तेजी से आश्वस्त हो रहे हैं, हम अपनी पहचान को अपना रहे हैं और अपने गौरवशाली अतीत का जश्न मना रहे हैं। धर्मनिरपेक्षता हमारी राजनीति का मार्गदर्शन करती रहेगी, क्योंकि भारतीय धर्मनिरपेक्षता कभी भी धर्म विरोधी नहीं रही। हालांकि धर्मनिरपेक्षतावादी को राज्य के मामलों में फलते-फूलते रहना चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

### प्रभु श्रीराम जी की कृपा समस्त विश्व पर बनी रहे : काले



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अयोध्या धाम में श्री रामलला जी के प्राण-प्रतिष्ठा में पूरे देश में उत्साह और उमंग है। सोमवार को इस अवसर पर जमशेदपुर में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने भालूबासा स्थित श्री श्री विजय बंजरग मंदिर, जंबू अखाड़ा, भुइंयाडीह कल्याण नगर श्री श्री सार्वजनिक शिव हनुमान मंदिर, गोलमुरी केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, ह्युमपाइप, छायानगर के श्री राधे गोविन्द हरि मंदिर निर्माण समिति, टेल्को प्लाजा स्थित श्री श्री ओंकारेश्वर मंदिर, न्यू केबुल टाउन, श्री श्री बजरंग अखाड़ा, मोहरदा श्री श्री शिव हनुमान मंदिर, गोपाल गौड़ अखाड़ा समिति, बारीडीह, विद्यापतिनगर स्थित श्री श्री शिव महावीर मंदिर, बारीडीह, विद्यापतिनगर स्थित बड़ा शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेककर, प्रसाद वितरण किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालुगण उपस्तित रहे। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा पूरा लौहनगरी हर्ष,उल्लास और उत्सव के वातावरण में देश भक्ति और आनंद के सागर में डूबा रहा। दिन भर मंदिरों में श्रद्धालुओं का भीड़ उम्र पड़ी। मौके पर उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम जी की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर की पुनर्स्थापना की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम जी की कृपा समस्त विश्व पर बनी रहे यही प्रार्थना करते हैं।**

### श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीश्री शीतला माता मंदिर में हवन यज्ञ में शामिल हुए बस्तीवासी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अयोध्या में भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के समय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। सोमवार को पंडित के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा संपन्न करवाया गया। यजमान के रूप में भाजपा नेता दिनेश कुमार सहपत्नी, संजीव काबरा सह पत्नी, हरिचरण साहू सह पत्नी, देवेंद्र कुमार सह पत्नी, भूनेश देवांगन सह पत्नी, 5 जोड़ों ने यज्ञ संपन्न कर हवन किया। पाठक ने भगवान राम के जन्म से ले कर अवध महाराज बनने तक की पूरी कहानी कथा के रूप में उपस्थित धर्म प्रेमियों को सुनाये। संध्या बेला में हनुमान चालीसा का पाठ व संध्या आरती के बाद नगर भ्रमण संपन्न किया गया।मौके पर खेमलाल चौधरी, अनिल काबरा, राम प्रकाश साहू, खेमलाल साहू, सोनामूनी शांडिल्य, द्रौपदी साहू, चंद्र रेखा देवी, बेदुबाई, प्रेमु यादव, सावित्री देवी, माया देवी, ओली चक्रवर्ती, संदीप साहू, गौरव यादव, सन्नी देवांगन, अमित सहित काफी संख्या में बस्ती के महिला व पुरुष उपस्थित रहे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मैं अभी गर्भगृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बन कर आपके सामने उपस्थित हुआ हूं। कितना कुछ कहने को है... लेकिन कंठ अवरुद्ध है। मेरा शरीर अभी भी स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब इस दिव्य मंदिर में रहेंगे। मेरा पक्का विश्वास है, अपार श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति, देश के, विश्व के, कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही होगी। ये क्षण अलौकिक है। ये पल पवित्रतम है। ये माहौल, ये वातावरण, ये ऊर्जा, ये घड़ी... प्रभु श्रीराम का हम सब पर आशीर्वाद है।**

# सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गये हैं

## अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर पीएम का पूरा संबोधन



**मेरे देशवासियों, प्रभु श्रीराम की हमारी पूजा, विशेष होनी चाहिए। ये पूजा, स्व से ऊपर उठ कर समष्टि के लिए होनी चाहिए। ये पूजा, अहम से उठ कर वयम के लिए होनी चाहिए। प्रभु को जो भोग चढ़ेगा, वो विकसित भारत के लिए हमारे परिश्रम की पराकाष्ठा का प्रसाद भी होगा। हमें नित्य पराक्रम, पुरुषार्थ, समर्पण का प्रसाद प्रभु राम को चढ़ाना होगा।**

**सियावर रामचंद्र की जय।**
**सियावर रामचंद्र की जय।**

श्रद्धेय मंच, सभी संत एवं ऋषिगण, यहां उपस्थित और विश्व के कोने-कोने में हम सबके साथ जुड़े हुए सभी रामभक्त, आप सबको प्रणाम, सबको राम-राम।

आज हमारे राम आ गये हैं! सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गये हैं। सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गये हैं। इस शुभ घड़ी की आप सभी को, समस्त देशवासियों को, बहुत-बहुत बधाई।

मैं अभी गर्भगृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बन कर आपके सामने उपस्थित हुआ हूं। कितना कुछ कहने को है... लेकिन कंठ अवरुद्ध है। मेरा शरीर अभी भी स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब इस दिव्य मंदिर में रहेंगे। मेरा पक्का विश्वास है, अपार श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति, देश के, विश्व के, कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही होगी। ये क्षण अलौकिक है। ये पल पवित्रतम है। ये माहौल, ये वातावरण, ये ऊर्जा, ये घड़ी... प्रभु श्रीराम का हम सब पर आशीर्वाद है। 22 जनवरी, 2024 का ये सूरज एक अद्भुत आभा लेकर आया है। 22 जनवरी, 2024, ये कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं। ये एक नये कालचक्र का उद्गम है। राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढ़ता ही जा रहा था। निर्माण कार्य देख, देशवासियों में हर दिन एक नया विश्वास पैदा हो रहा था। आज हमें सदियों के उस धैर्य की धरोहर मिली है, आज हमें श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर उठ खड़ा हो रहा राष्ट्र, अतीत के हर दंश से हौसला लेता हुआ राष्ट्र, ऐसे ही नव इतिहास का सृजन करता है। आज से हजार साल बाद भी लोग आज की इस तारीख की, आज के इस पल की चर्चा करेंगे। और ये कितनी बड़ी रामकृपा है कि हम इस पल को जी रहे हैं, इसे साक्षात घटित होते देख रहे हैं। आज दिन-दिशाएं... दिग-दिगंत... सब दिव्यता से परिपूर्ण हैं। ये समय, सामान्य समय नहीं है। ये काल के चक्र पर सर्वकालिक स्याही से अंकित हो रहीं अमिट स्मृति रेखाएं हैं।

**22 जनवरी, 2024, ये कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं। ये एक नये कालचक्र का उद्गम है।**

साथियों, हम सब जानते हैं कि जहां राम का काम होता है, वहां पवनपुत्र हनुमान अवश्य विराजमान होते हैं। इसलिए, मैं रामभक्त हनुमान और हनुमानगढ़ी को भी प्रणाम करता हूं। मैं माता जानकी, लक्ष्मण जी, भरत-शत्रुघ्न, सबको नमन करता हूं। मैं पावन अयोध्या पुरी और पावन सरयू को भी प्रणाम करता हूं। मैं इस पल दैवीय अनुभव कर रहा हूं कि जिनके आशीर्वाद से ये महान कार्य पूरा हुआ है... वे दिव्य आत्माएं, वे दैवीय विभूतियाँ भी इस समय हमारे आस-पास उपस्थित हैं। मैं इन सभी दिव्य चेतनाओं को भी कृतज्ञता पूर्वक नमन करता हूं। मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, हमारे त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गयी होगी कि हम इतनी सदियों तक ये कार्य कर नहीं पाये। आज वो कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है, प्रभु राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे।

मेरे प्यारे देशवासियों, त्रेता में राम आगमन पर तुलसीदास जी ने लिखा है- प्रभु बिलोकि हरषे पुरबासी। जनित वियोग बिपति सब नासी। अर्थात प्रभु का आगमन देख कर ही सब अयोध्यावासी, समग्र देशवासी हर्ष से भर गये। लंबे वियोग से जो आपत्ति आयी थी, उसका अंत हो गया। उस कालखंड में तो वो वियोग केवल 14 वर्षों का था, तब भी इतना असह्य था। इस युग में तो अयोध्या और देशवासियों ने सैकड़ों वर्षों का वियोग सहा है। हमारी कई-कई पीढ़ियों ने वियोग सहा है। भारत के तो संविधान में, उसकी पहली प्रति में, भगवान राम विराजमान हैं। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। मैं आभार व्यक्त करूंगा भारत की न्यायपालिका का, जिसने न्याय की लाज रख ली। न्याय के पर्याय प्रभु राम का मंदिर भी न्याय बद्ध तरीके से ही बना।

साथियों, आज गांव-गांव में एक साथ कीर्तन, संकीर्तन हो रहे हैं। आज मंदिरों में उत्सव हो रहे हैं, स्वच्छता अभियान चलाये जा रहे हैं। पूरा देश आज दीवाली मना रहा है। आज शाम घर-घर राम ज्योति प्रज्वलित करने की तैयारी है। कल मैं श्रीराम के आशीर्वाद से धनुषकोडि में रामसेतु के आरंभ बिंदु अरिचल मुनाई पर था। जिस घड़ी प्रभु राम समुद्र पार करने निकले थे, वो एक पल था जिसने कालचक्र को बदला था। उस भावमय पल को महसूस करने का मेरा ये विनम्र प्रयास था। वहां पर मैंने पुष्प वंदना की। वहां मेरे भीतर एक विश्वास जगा कि जैसे उस समय कालचक्र बदला था, उसी तरह अब कालचक्र फिर बदलेगा और शुभ दिशा में बढ़ेगा। अपने 11 दिन के व्रत-अनुष्ठान के दौरान मैंने उन स्थानों का चरण स्पर्श करने का प्रयास किया, जहां प्रभु राम के चरण पड़े थे। चाहे वो नासिक का पंचवटी धाम हो, केरला का पवित्र त्रिप्रायर मंदिर हो, आंध्र प्रदेश में लेपाक्षी हो, श्रीरंगम में रंगनाथ स्वामी मंदिर हो, रामेश्वरम में श्री रामनाथस्वामी मंदिर हो, या फिर धनुषकोडि... मेरा सौभाग्य है कि इसी पुनीत पवित्र भाव के साथ मुझे सागर से सरयू तक की यात्रा का अवसर मिला। सागर से सरयू तक, हर जगह राम नाम का वही उत्सव भाव छाया हुआ है। प्रभु राम तो भारत की आत्मा के कण-कण से जुड़े हुए हैं। राम, भारतवासियों के अंतर्मन में विराजे हुए हैं। हम भारत में कहीं भी, किसी की अंतरात्मा को छुएंगे तो इस एकत्व की अनुभूति होगी, और यही भाव सब जगह मिलेगा। इससे उत्कृष्ट, इससे अधिक, देश को समायोजित करने वाला सूत्र और क्या हो सकता है?

मेरे प्यारे देशवासियों! मुझे देश के कोने-कोने में अलग-अलग भाषाओं में रामायण सुनने का अवसर मिला है, लेकिन विशेषकर पिछले 11 दिनों में रामायण अलग-अलग भाषा में, अलग-अलग राज्यों से मुझे विशेष रूप से सुनने का सौभाग्य मिला। राम को परिभाषित करते हुए ऋषियों ने कहा है- रमंते यस्मिन इति रामः॥ अर्थात जिसमें रम जाया जाये, वही राम है। राम लोक की स्मृतियों में, पर्व से लेकर परंपराओं में, सर्वत्र समाये हुए हैं। हर युग में लोगों ने राम को जिया है। हर युग में लोगों ने अपने-अपने शब्दों में, अपनी-अपनी तरह से राम को अभिव्यक्त किया है। और ये रामरस, जीवन प्रवाह की तरह निरंतर बहता रहता है। प्राचीन काल से भारत के हर कोने के लोग रामरस का आचमन करते रहे हैं। रामकथा असीम है, रामायण भी अनंत हैं। राम के आदर्श, राम के मूल्य, राम की शिक्षाएं, सब जगह एक समान हैं।

प्रिय देशवासियों, आज इस ऐतिहासिक समय में देश उन व्यक्तित्वों को भी याद कर रहा है, जिनके कार्यों और समर्पण की वजह से आज हम ये शुभ दिन देख रहे हैं। राम के इस काम में कितने ही लोगों ने त्याग और तपस्या की पराकाष्ठा करके दिखासह है। उन अनगिनत रामभक्तों के, उन अनगिनत कारसेवकों के और उन अनगिनत संत महात्माओं के हम सब ऋणी हैं।

साथियों, आज का ये अवसर उत्सव का क्षण तो है ही, लेकिन इसके साथ ही ये क्षण भारतीय समाज की परिपक्वता के बोध का क्षण भी है। हमारे लिए ये अवसर सिर्फ विजय का नहीं, विनय का भी है। दुनिया का इतिहास साक्षी है कि कई राष्ट्र अपने ही इतिहास में उलझ जाते हैं। ऐसे देशों ने जब भी अपने इतिहास की उलझी हुई गांठों को खोलने का प्रयास किया, उन्हें सफलता पाने में बहुत कठिनाई आयी, बल्कि कई बार तो पहले से ज्यादा मुश्किल परिस्थितियां बन गयीं। लेकिन हमारे देश ने इतिहास की इस गांठ को जिस गंभीरता और भावुकता के साथ खोला है, वो ये बताती है कि हमारा भविष्य हमारे अतीत से बहुत सुंदर होने जा रहा है। वो भी एक समय था, जब कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जायेगी। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता को नहीं जान पाये। रामलला के इस मंदिर का निर्माण, भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है। हम देख रहे हैं, ये निर्माण किसी आग को नहीं, बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है। राम मंदिर समाज के हर वर्ग को एक उज्जवल भविष्य के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा लेकर आया है। मैं आज उन लोगों से आह्वान करूंगा... आइये, आप महसूस कीजिए, अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए। राम आग नहीं है, राम ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं हैं, राम तो सबके हैं। राम वर्तमान ही नहीं, राम अनंतकाल हैं।

साथियों, आज जिस तरह राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस आयोजन से पूरा विश्व जुड़ा हुआ है, उसमें राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हो रहे हैं। जैसा उत्सव भारत में है, वैसा ही अनेकों देशों में है। आज अयोध्या का ये उत्सव रामायण की उन वैश्विक परंपराओं का भी उत्सव बना है। रामलला की ये प्रतिष्ठा वसुधैव कुटुंबकम के विचार की भी प्रतिष्ठा है।

साथियों, आज अयोध्या में, केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है। ये श्रीराम के रूप में साक्षात भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है। ये साक्षात मानवीय मूल्यों और सर्वोच्च आदर्शों की भी प्राण प्रतिष्ठा है। इन मूल्यों की, इन आदर्शों की आवश्यकता आज संपूर्ण विश्व को है। सर्वे भवंतु सुखिनः ये संकल्प हम सदियों से दोहराते आये हैं। आज उसी संकल्प को राममंदिर के रूप में साक्षात आकार मिला है। ये मंदिर, मात्र एक देव मंदिर नहीं है। ये भारत की दृष्टि का, भारत के दर्शन का, भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। ये राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर है। राम भारत की आस्था हैं, राम भारत का आधार हैं। राम भारत का विचार हैं, राम भारत का विधान हैं। राम भारत की चेतना हैं, राम भारत का चिंतन हैं। राम भारत की प्रतिष्ठा हैं, राम भारत का प्रताप हैं। राम प्रवाह हैं, राम प्रभाव हैं। राम नेति भी हैं। राम नीति भी हैं। राम नित्यता भी हैं। राम निरंतरता भी हैं। राम विभु हैं, विशद हैं। राम व्यापक हैं, विश्व हैं, विश्वात्मा हैं। और इसलिए, जब राम की प्रतिष्ठा होती है, तो उसका प्रभाव वर्षों या शताब्दियों तक ही नहीं होता। उसका प्रभाव हजारों वर्षों के लिए होता है। महर्षि वाल्मीकि ने कहा है- राज्यम दश सहस्त्राणि प्राप्य वर्षाणि राघवः। अर्थात, राम दस हजार वर्षों के लिए राज्य पर प्रतिष्ठित हुए। यानी हजारों वर्षों के लिए रामराज्य स्थापित हुआ। जब त्रेता में राम आये थे, तब हजारों वर्षों के लिए रामराज्य की स्थापना हुई थी। हजारों वर्षों तक राम विश्व पथप्रदर्शन करते रहे थे। और इसलिए मेरे प्यारे देशवासियों,

आज अयोध्या भूमि हम सभी से, प्रत्येक रामभक्त से, प्रत्येक भारतीय से कुछ सवाल कर रही है। श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया...अब आगे क्या? सदियों का इंतजार तो खत्म हो गया...अब आगे क्या? आज के इस अवसर पर जो दैव, जो दैवीय आत्माएं हमें आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हुई हैं, हमें देख रही हैं, उन्हें क्या हम ऐसे ही विदा करेंगे? नहीं, कदापि नहीं। आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है। ये सुखद संयोग है कि हमारी पीढ़ी को एक कालजयी पथ के शिल्पकार के रूप में चुना गया है। हजार वर्ष बाद की पीढ़ी, राष्ट्र निर्माण के हमारे आज के कार्यों को याद करेगी। इसलिए मैं कहता हूं- यही समय है, सही समय है। हमें आज से, इस पवित्र समय से, अगले एक हजार साल के भारत की नींव रखनी है। मंदिर निर्माण से आगे बढ़ कर अब हम सभी देशवासी, यहीं इस पल से समर्थ-सक्षम, भव्य-दिव्य भारत के निर्माण की सौगंध लेते हैं। राम के विचार, मानस के साथ ही जनमानस में भी हों, यही राष्ट्र निर्माण की सीढ़ी है।



साथियों, आज के युग की मांग है कि हमें अपने अंतःकरण को विस्तार देना होगा। हमारी चेतना का विस्तार... देव से देश तक, राम से राष्ट्र तक होना चाहिए। हनुमान जी की भक्ति, हनुमान जी की सेवा, हनुमान जी का समर्पण, ये ऐसे गुण हैं, जिन्हें हमें बाहर नहीं खोजना पड़ता। प्रत्येक भारतीय में भक्ति, सेवा और समर्पण के ये भाव, समर्थ-सक्षम,भव्य-दिव्य भारत का आधार बनेंगे। और यही तो है देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार ! दूर-सुदूर जंगल में कुटिया में जीवन गुजारने वाली मेरी आदिवासी मां शबरी का ध्यान आते ही, अप्रतिम विश्वास जागृत होता है। मां शबरी तो कबसे कहती थीं- राम आयेंगे। प्रत्येक भारतीय में जन्मा यही विश्वास, समर्थ-सक्षम, भव्य-दिव्य भारत का आधार बनेगा। और यही तो है देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार! हम सब जानते हैं कि निषादराज की मित्रता, सभी बंधनों से परे है। निषादराज का राम के प्रति सम्मोहन, प्रभु राम का निषादराज के लिए अपनापन कितना मौलिक है। सब अपने हैं, सभी समान हैं। प्रत्येक भारतीय में अपनत्व की, बंधुत्व की ये भावना, समर्थ-सक्षम, भव्य-दिव्य भारत का आधार बनेगी। और यही तो है देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार!

साथियों, आज देश में निराशा के लिए रत्तीभर भी स्थान नहीं है। मैं तो बहुत सामान्य हूं, मैं तो बहुत छोटा हूं, अगर कोई ये सोचता है, तो उसे गिलहरी के योगदान को याद करना चाहिए। गिलहरी का स्मरण ही हमें हमारी इस हिचक को दूर करेगा, हमें सिखायेगा कि छोटे-बड़े हर प्रयास की अपनी ताकत होती है, अपना योगदान होता है। और सबके प्रयास की यही भावना, समर्थ-सक्षम, भव्य-दिव्य भारत का आधार बनेगी। और यही तो है देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार!

साथियों, लंकापति रावण, प्रकांड ज्ञानी थे, अपार शक्ति के धनी थे। लेकिन जटायु जी की मूल्य निष्ठा देखिए, वे महाबली रावण से भिड़ गये। उन्हें भी पता था कि वो रावण को परास्त नहीं कर पायेंगे, लेकिन फिर भी उन्होंने रावण को चुनौती दी। कर्तव्य की यही पराकाष्ठा समर्थ-सक्षम, भव्य-दिव्य भारत का आधार है। और यही तो है, देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार। आइए, हम संकल्प लें कि राष्ट्र निर्माण के लिए हम अपने जीवन का पल-पल लगा देंगे। रामकाज से राष्ट्रकाज, समय का पल-पल, शरीर का कण-कण, राम समर्पण को राष्ट्र समर्पण के ध्येय से जोड़ देंगे।

मेरे देशवासियों, प्रभु श्रीराम की हमारी पूजा, विशेष होनी चाहिए। ये पूजा, स्व से ऊपर उठ कर समष्टि के लिए होनी चाहिए। ये पूजा, अहम से उठ कर वयम के लिए होनी चाहिए। प्रभु को जो भोग चढ़ेगा, वो विकसित भारत के लिए हमारे परिश्रम की पराकाष्ठा का प्रसाद भी होगा। हमें नित्य पराक्रम, पुरुषार्थ, समर्पण का प्रसाद प्रभु राम को चढ़ाना होगा। इनसे नित्य प्रभु राम की पूजा करनी होगी, तब हम भारत को वैभवशाली और विकसित बना पायेंगे।

मेरे प्यारे देशवासियों, ये भारत के विकास का अमृतकाल है। आज भारत युवा शक्ति की पूंजी से भरा हुआ है, ऊर्जा से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियां, फिर ना जाने कितने समय बाद बनेंगी। हमें अब चूकना नहीं है, हमें अब बैठना नहीं है। मैं अपने देश के युवाओं से कहूंगा। आपके सामने हजारों वर्षों की परंपरा की प्रेरणा है। आप भारत की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं...जो चांद पर तिरंगा लहरा रही है, जो 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करके, सूर्य के पास जाकर मिशन आदित्य को सफल बना रही है, जो आसमान में तेजस... सागर में विक्रांत...का परचम लहरा रही है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए आपको भारत का नव प्रभात लिखना है। परंपरा की पवित्रता और आधुनिकता की अनंतता, दोनों ही पथ पर चलते हुए भारत, समृद्धि के लक्ष्य तक पहुंचेगा।

मेरे साथियों, आने वाला समय अब सफलता का है। आने वाला समय अब सिद्धि का है। ये भव्य राम मंदिर साक्षी बनेगा- भारत के उत्कर्ष का, भारत के उदय का, ये भव्य राम मंदिर साक्षी बनेगा- भव्य भारत के अभ्युदय का, विकसित भारत का! ये मंदिर सिखाता है कि अगर लक्ष्य, सत्य प्रमाणित हो, अगर लक्ष्य, सामूहिकता और संगठित शक्ति से जन्मा हो, तब उस लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव नहीं है। ये भारत का समय है और भारत अब आगे बढ़ने वाला है। शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद हम यहां पहुंचे हैं। हम सब ने इस युग का, इस कालखंड का इंतजार किया है। अब हम रुकेंगे नहीं। हम विकास की ऊंचाई पर जाकर ही रहेंगे। इसी भाव के साथ रामलला के चरणों में प्रणाम करते हुए आप सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं। सभी संतों के चरणों में मेरे प्रणाम।

**सियावर रामचंद्र की जय।**
**सियावर रामचंद्र की जय।**
**सियावर रामचंद्र की जय।**

## शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की निकली झांकी

# राममय हुआ पांकी, उमड़ा जनसैलाब

अमलेश ठाकुर

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में सोमवार को भव्य शोभायात्रा और झांकी निकाली गई। जिसमें लोगों का जनसैलाब देखने को मिला। बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधायक के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, प्रसिद्ध समाजसेवी रामदास साहू भी शोभायात्रा में शामिल हुए। श्री रामलला की भव्य शोभायात्रा और झांकी का शुभारंभ पांकी स्थित जरही चौक महावीर मंदिर से हुआ, जो पांकी बस्ती होते हुए शहीद भगत सिंह चौक से तेतराई, सगालीम होते हुए तरहसी से बेदानी चौक, शाहद होते हुए नीलांबर-पितांबरपुर (लेस्लीगंज) के जगतपुरवा, हरसईन मोड़ होते हुए नीलांबर पीतांबरपुर के हॉस्पिटल चौक पहुंचा। जहां से हजारों महिलाएं भगवा परिधान में प्रभु श्रीराम की झांकी का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। साथ ही शंखनाद के साथ शोभा यात्रा (लेस्लीगंज थाना के सामने) महावीर मंदिर प्रांगण में पंहुचा। वहां, विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने महावीर मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। विधायक के नेतृत्व में सभी रामभक्त और धर्म प्रेमियों ने रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा। हजारों लोगों ने भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुंबई की सुप्रसिद्ध गायिका पायल बनारसी द्वारा एक से बढ़कर एक राम भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया। इस दौरान विधायक ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक हैं। पांकी विधानसभा क्षेत्र समेत पूरा देश राममय हो गया है। सनातन प्रेमियों का वर्षों से राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मन में जो संसार बना था वो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा कर दिया, जो इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।



आयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठ के अवसर पर पांकी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ शशिभूषण मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग।

वहीं, लाल सूरज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हम सब ऋणी हैं। आभार व्यक्त करते हैं कि जिनके अथक प्रयास से अयोध्या में राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मौके पर विधायक की पत्नी किरण मेहता, पुत्री सिमी मेहता, विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बचन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र वर्मा, नीलांबर पितांबरपुर के प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, विधायक प्रेस मीडिया सोनू वर्मा, उप प्रमुख कुसुम देवी, संदीप यादव, संतोष चंद्रवंशी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, निर्मल मेहता, भाजपा के श्याम बाबू, तरहसी प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, मुखिया पति छोटेलाल सोनी, संगीता देवी, रविंद्र मेहता, प्रदीप मिश्रा, पप्पू मिश्रा, वीरेंद्र चंद्रवंशी, शंकर शुक्ला, मुखिया रिंकी यादव, संतोष वर्मा, कमेश यादव, दिलीप मेहता, चंदन सोनी, अजय तिवारी, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, गोपाल यादव, वशिष्ठ मेहता, रंजय ठाकुर, रिमा शर्मा, चंदन सोनी, लक्ष्मीकानत तिवारी, चंदन मेहता, देवराज साव, चिंटू सिंह, गुड्डू तिवारी आदि मौजूद थे।

# भव्य शोभायात्रा ने छोड़ी अमिट छाप, दीप उत्सव से जगमगा उठा कोयल रिवर फ्रंट

## शोभायात्रा का नेतृत्व प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में मेदिनीनगर में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से एवं पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकली गयी। गीता भवन से शोभायात्रा निकली। इसमें श्रीराम दरबार की झांकी भी निकाली गयी। दीप एवं अबीर गुलाल के साथ नृत्य करने वाली महिला कलाकार कोलकाता से शामिल हुईं। बुलेट पर महाराष्ट्रीयन लड़कियां श्रीराम का ध्वज लेकर चल रही थी। महात्मा शंख बजा रहे थे।

बंगाल की महिला ढाकी ने नृत्य प्रस्तुत किया और स्थानीय आदिवासी नृत्य झांकी की प्रस्तुति की गयी। कोयल रिवर फ्रंट पर शाम में गंगा आरती और आतिशबाजी हुई। घाट को हजारों दीप से सजाया गया। शोभायात्रा दोपहर बाद गीता भवन से निकली। नेतृत्व प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। शोभा यात्रा में रथ पर सवार राम, सीता लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी थी। शोभा यात्रा गीता मंदिर से होते डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, डाबर रोड, पांच मुहान, बाटा रोड, घास पट्टी होते कोयल रिवर फ्रंट गंगा आरती मंच तक पहुंची। जहां संध्या में विशेष आरती, आतिशबाजी एवं हर घाट पर हजारों दीप जलाए गए। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश सोनी एवं आलोक माथुर थे। आरती के बाद दिल्ली और कानपुर से आए कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर, राधा कृष्ण की होली, राजाभिषेक, शिव तांडव की प्रस्तुति एवं मशहूर गायिका इशरत जहां के द्वारा भजन का कार्यक्रम कोयल रिवर फ्रंट पर ही हुआ। शोभायात्रा और आरती में बतौर मुख्य अतिथि सांसद बीडी रामजी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, सांसद प्रतिनिधि समेत भाजपा नेता, शहर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर रिंकू दुबे, प्रेम जायसवाल, अमिताभ मिश्रा, विक्रांत एवं चेंबर महिला विंग विशेष रूप से सक्रिय रहे।



शोभायात्रा में प्रथम मेयर अरुणा शंकर एवं अन्य।

## आर्य समाज मंदिर की ओर से चतुर्वेद सतकाम यज्ञ का आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में श्री राम लला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा पर आर्य समाज मंदिर एवं अन्य लोगों द्वारा चतुर्वेद सतकाम यज्ञ का आयोजन जय भवानी संघ चौक के नजदीक किया गया। मौके पर 11 कुंडिय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें कई दंपत्ती आहूति दिये। शहर के सभी सनातनी राम भक्तों ने अपना योगदान दिया एवं अपनी आहुति दी। सोनीपत से आए विद्वान एवं हजारीबाग से आई ब्रह्मचारिणी कन्याओं द्वारा चारों वेद मंत्रों से उच्चारण कराया गया। इसके बाद हरियाणा के पंडित महेंद्रशास्त्री और रांची के डॉ प्रदुम्न शास्त्री के प्रवचन द्वारा प्रभु श्रीराम के मर्यादा और आदर्श पर चलने आह्वान किया गया। मुख्य यजमान राजीव गोयल,श्याम बागला,सुनील गोस्वामी, अरविंद सांवरिया, हर्ष तुलस्यान, पप्पू लाठ, अमित महाजन आदि थे।

# भक्तिमय हुआ मेदिनीनगर शहर, निकाली गयी झांकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/सतबरवा।** अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा को अवसर पर सोमवार को पूरे शहर में कहीं झांकी तो कहीं भंडारे का आयोजन किया गया। इसी के तहत नारायण दुबे, दुर्गा जौहरी को सम्मानित किया गया। इसके बाद झांकी की शुरूआत भारत माता चौक पर आरती कर शुरू की गई। बाहर के कलाकारों द्वारा बाजार के मुख्य मार्गो पर झांकी पेश की गई। साथ ही दो क्विंटल प्रसाद भी बाजार में वितरण किया गया। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी के आराध्य हैं। आज उनका 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से किया गया। जिसका साक्षी पूरे विश्व के सनातन धर्म के लोग बने हैं। हमारे पूर्वजों के संघर्ष व बलिदान के बल पर आज यह सुनहरा मौका देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से देशवासियों को भगवान श्रीराम का दर्शन करने का शुभ अवसर मिला है। मौके पर विभाकर नारायण पांडे, सिविल सर्जन अनिल सिंह, अखंड राष्ट्रीय हिंदू सेना के संगठन मंत्री संदीप दास संरक्षक मनीष सिंह, विवेक चौबे, विभाग अध्यक्ष शशिभूषण मिश्रा, जिला अध्यक्ष रंजन वर्मा, युववाहिनी अध्यक्ष शुभय राज, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, प्रेम गुप्ता, आनंद चौरसिया, सतीश मेहता, रंजीत, मीडिया प्रभारी, इंद्र, वाशु, सूरज, आकाश कुमार शामिल थे।



### भगवामय हुआ सतबरवा प्रखंड

श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा सतबरवा प्रखंड भगवामय हो गया है। सतबरवा का महावीर मंदिर, ठाकुर बाड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, देवी मंडप, रामघाट शिव मंदिर, मेलाटांड़ काली मंदिर समेत प्रखंड के सभी मंदिरों को झालर लाइट और फूलों से बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी. महिलाएं भजन गा रही थीं। साथ ही महा आरती का भी आयोजन किया गया है। राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे जैसे भजनों से पूरा सतबरवा गूंज रहा है। वहीं महावीर चौक, ठाकुरवाड़ी, बांके बिहारी मंदिर और मेलाटांड़ में भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे के बाद बांके बिहारी मंदिर से शोभायात्रा भी निकली, जो पूरे सतबरवा नगर का भ्रमण करते हुए पूणे बांके बिहारी मंदिर में आकर समाप्त हुई। छोटी बड़ी सभी निजी वाहनों में भगवा झंडा बंधा हुआ दिखाई पड़ रहा है। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस बलों की तैनात की गई थी।

# ऐसे धार्मिक आयोजन से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : विधायक

## श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर हजारों दीयों से जगमग हुआ हुसैनाबाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अयोध्या में प्रभु रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुसैनाबाद के विभिन्न जगहों पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। स्थानीय विधायक व एनसीपी परिवार की ओर से जेपी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ घाट पर भव्य दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। इसके पूर्व पोखरा परिसर में सरयू नदी से लाए गए जल अर्पित किया गया। भव्य गंगा आरती किया गया। विधायक ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इस तरह से भक्ति आयोजन सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शहर के महाबीर मंदिर में भव्य आरती व भंडारा का आयोजन किया गया। पुजारी गोपाल पाठक के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के पंचमुखी मंदिर परिसर में श्रीराम भक्त अखाड़ा समिति की ओर से कार सेवको को सम्मानित किया गया। गांधी चौक स्थित ठाकुरवाड़ी परिसर में भंडारा व अष्टजाम कीर्तन का आयोजन किया गया। चार धाम मंदिर परिसर में भक्ति जागरण व पांच हजार दीये जलाये गये। रेलवे स्टेशन परिसर में खीर का वितरण किया गया। दंगवार शिव मंदिर में दीपोत्सव, रामलला की झांकी व बक्सर से आये हीरा जी महाराज द्वारा भजन गायन का आयोजन किया गया। देवरी सोननदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। बराही धाम परिसर में दीपोत्सव व भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, एनसीपी प्रवक्ता सूर्या सोनल सिंह, बिनु सिंह, प्रकाश अग्रवाल, मिथिलेश सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, रौनक सिंह, अजित सिंह, बिससुत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, दिनेश कश्यप, आलोक केशरी, राजेश्वर सिंह और रवि यादव आदि मौजूद थे।



छठ पोखरा पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल विधायक व अन्य।

# विश्रामपुर में धार्मिक अनुष्ठान सहित दीपोत्सव का आयोजन

## निकला भव्य रामदरबार झांकी जुलूस, कई जगह भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** अयोध्या में रामलला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर सोमवार को विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, रामदरबार की झांकी, दीपोत्सव, अखंड-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और भंडारा सहित कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुआ। नावाडीह कला के आरसीआइटी कॉलेज परिसर में स्थापित अष्टभुजी साई मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, दीपोत्सव सहित धर्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। दीपोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने बताया कि आज अयोध्या में रामलला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के मौके पर विश्रामपुर-मझिआंव विधान सभा क्षेत्र के सभी मंदिरों व देवस्थलों में विशेष दीपोत्सव, अखंड कीर्तन, भंडारा सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्रामपुर के नावाडीह कला आरसीआइटी प्रांगण स्थित अष्टभुजी साई मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना के साथ दीपोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। इधर, सोरडीहा महाबीर मंदिर में बतौर यजमान समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय व उनकी पत्नी ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद सुंदरकांड पाठ व भंडारा का आयोजन हुआ। पंचमुखी मंदिर परिसर में दीपोत्सव कार्यक्रम के बाद भंडारा का आयोजन हुआ। जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके आलावा रेहला, झगरुआ, सिगसिगी, लालगढ़, तोलरा, केतात, पंजरिकला, गोदरमासहित कई जगहों पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। रामदरबार जुलूस में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जिला पार्षद विजय रविदास, गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, ग्रामीण प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, समजसेवी विजय कुमार रवि, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, मनीष कुमार, संजय ठाकुर, मुकेश चौधरी, शंकर केशरी, अर्चना देवी, रजनीश कुमार, मिथिलेश पांडेय, दीपक पांडेय, शिशिर शुक्ला, चंदेश्वर भारती, पिंटू पांडेय, संजय शुक्ला, सीताराम आर्य आदि शामिल हुए।



# पलामू डीसी शशि रंजन, एसपी ने किया हुसैनाबाद थाना व छठ घाट का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू डीसी शशिरंजन और पुलिस अधीक्षक (एसपी) रिष्मा रमेशन सोमवार को हुसैनाबाद थाना पहुंचे। वहां कुछ देर रूकने के बाद पैदल ही जेपी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ पोखरा घाट का निरीक्षण किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार, हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी धनंजय गुप्ता, बीडीओ रौशन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, हुसैनाबाद थाना प्रभारी समीर तिर्की आदि मौजूद थे।



# स्पोर्ट्स



इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो मुकाबलों से विराट कोहली ने अपना नाम वापस ले लिया है। सोमवार को बीसीसीआइ ने इसकी पुष्टि की है।

## बीसीसीआइ ने बताया-निजी वजह से लिया नाम वापस, रिंकू, सरफराज और पाटीदार रेस में

# इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे विराट कोहली

**मुंबई (एजेंसी)।** विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। उन्होंने निजी कारणों से अपना नाम वापस लिया है। बीसीसीआइ ने सोमवार को बताया कि विराट कोहली ने कप्तान रोहित शर्मा, सिलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट से बात की और कहा कि 'उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहे, लेकिन कुछ व्यक्तिगत परिस्थितियां उनकी उपस्थिति और पूरे ध्यान की मांग करती हैं। बोर्ड ने कहा कि सिलेक्शन कमेटी जल्द ही टीम में उनके रिप्लेसमेंट प्लेयर के नाम का ऐलान करेगी। कोहली के विकल्प के तौर पर यूपी के रिंकू सिंह, मुंबई के सरफराज खान और मप्र के रजत पाटीदार में से एक चुना जा सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी। पहला मुकाबला हैदराबाद में खेला जाएगा।



### प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी नहीं पहुंचे कोहली

कोहली सोमवार को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलाल प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भी नहीं पहुंचे। उनके आने की चर्चाएं थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। समारोह के लिए पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को आमंत्रित किया गया था, लेकिन ये तीनों समारोह में हिस्सा लेने के लिए नहीं आए। वहीं, ओपनिंग टेस्ट से पहले दोनों टीमें हैदराबाद में अभ्यास कर रही हैं। इंग्लैंड की टीम एक दिन पहले रविवार की रात हैदराबाद पहुंची है। इससे पहले, इंग्लैंड ने अबु धाबी में भारत जैसी पीच पर अभ्यास किया था। वहां तेज गेंदबाज ओली रॉबिंसन भारतीय पेसर मोहम्मद शमी के वीडियो देखकर सीधी स्वीम की बॉलिंग सीख रहे थे। उधर, पता चला है कि पाटीदार-सरफराज इंग्लैंड-ए के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज का हिस्सा भी हैं।

## नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू उर्फ एसपी मेहता ने सोमवार को देवरी खुर्द चौक के समीप नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। दो लाख 49 हजार रुपये की लागत से नाला निर्माण कार्य होगा। जिप सदस्य राजू मेहता ने बताया कि नाला बन जाने से जलजमाव से मुक्ति मिलेगी। बरसात के दिनों में जलजमाव जैसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौके पंकज मेहता, अमित विश्वकर्मा, अजीत मेहता, उदय यादव, अर्जुन, मेहता रमेश विश्वकर्मा, मनदीप मेहता, चंदन पाशवन, संतोष मेहता, भैरो विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, पंकज मेहता, गणेश मेहता, अरविंद ओझा, विनोद मेहता, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, इंद्रदेव मेहता, टुनू पासवान, मनोज मेहता, अनूप ठाकुर, राजेश्वर विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार, रूपेश कुमार, सीटू कुमार, रोहित कुमार, विनय मेहता आदि थे।

# प्रभु श्रीराम नाम से गुंजायमान हुआ हरिहरगंज पीपरा, भक्तों में उल्लास

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र में भी भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल लोग हाथों में भगवा ध्वज लिए भगवान श्री राम के जय घोष के नारे लगाते दिखे। वहीं पलामू अपर समहारता सुरजीत कुमार सिंह, एसडीओ हीरा कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार, सीओ यामुन रविदास और पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पूरे दिन दलबल के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मुस्तैद रहें। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रखंड इकाई ने लाई अयोध्या सरयू नदी से कलश में जल और मिट्टी को रथ पर पूरे प्रखंड में भ्रमण कराया। इसके बाद हुसैनाबाद में आयोजित दीपोउत्सव में शामिल होने के लिए प्रस्थान किया। शोभा यात्रा हनुमान मंदिर एनएच मुख्य सड़क के रास्ते अररुआ मोड़, झंडा चौक, मेन बाजार होते हुए पूरे शहर में भ्रमण किया और पुनः हनुमान मंदिर परिसर में आकर समापन हुआ। मौके पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम आदि शामिल थे।



## धनबाद लोकसभा सीट से मासस ने बनाया जगदीश रवानी को प्रत्याशी




### मासस समन्वय समिति की केंद्रीय समिति ने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** टाउन हॉल में सोमवार को मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) की बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक आनंद महतो और निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी आदि अपिस्थित हुए। बैठक में धनबाद एवं बोकारो से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता धनबाद टाउन हॉल पहुंचे थे। जहां लोकसभा चुनाव 2024 के लिए धनबाद सीट से प्रत्याशी के रुप में जगदीश रवानी का नाम घोषित किया गया। पूर्व विधायक आनंद महतो एवं निरसा के पूर्व विधायक अरुण चटर्जी ने इस बात को दोहराया कि भाजपा के वर्तमान सांसद पशुपतिनाथ सिंह के खिलाफ उन्हें मजबूती से जनता के बीच जाना होगा। वहीं, मासस के पूर्व सांसद एके राय की प्रशंसा करते हुए कहा कि एयरपोर्ट एवं एम्स अस्पताल के देवघर में बनने के मुद्दे को जनता तक पहुंचाया जाएगा। दूसरी ओर, जगदीश रवानी ने कहा कि आगामी चुनाव में जनता भाजपा से हिसाब लेगी, क्योंकि इसने पिछले 10 वर्षों में जनते के साथ सिफ छल ही किया है। गौरतलब हो कि मार्क्सवादी समन्वय समिति के पूर्व सांसद एके राय के बाद धनबाद में मार्क्सवादी संबंध में समिति के प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत पाए हैं। सिंदरी, निरसा एवं बोकारो क्षेत्र मार्क्सवादी समन्वय समिति का गढ़ माना जाता है। इस अवसर पर जगदीश रवानी ने कहा कि भाजपा मूल मुद्दे से जनता को भड़काने का काम करती है। मासस का लक्ष्य रहा है कि गरीबी मिटाया जाए, जबकि भाजपा बंटवारे की राजनीति करती है। पूर्व विधायक आनंद महतो के निर्देश पर मंगलवार से जगदीश रवानी एवं उनके सहयोगी गांव-गांव, घर-घर, शहर-शहर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट देने के लिए समझने का प्रयास करेंगें। इस मौके पर पवन महतो, लालमोहन महतो, बबलू महतो, पारस महतो और विक्की आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची का प्रकाशन, उपायुक्त ने पोस्ट की सेल्फी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। वहीं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता सूची में अपना नाम जांच कर मतदाता सूची/ मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी अपने सोशल मीडिया पर हैंडल्स पर #आइएमरेडीटूवोट हैशटैग के साथ पोस्ट करने को लेकर चलाए गए अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी वरुण रंजन ने भी अभियान में हिस्सा लेते हुए सेल्फी पोस्ट की। उन्होंने सभी जिलेवासियों से भी अभियान में हिस्सा लेते हुए मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची/मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट करने की अपील की। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद मतदाता अपने मतदान केंद्रों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय परिसर में प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं।

## सभी का कल्याण करें प्रभु श्रीराम : डॉ परिंदा सिंह



**चास (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चास महावीर चौक से सोमवार को भव्य जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व भाजपा नेत्री डॉ परिंदा सिंह ने किया। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं आमजनों ने भी भाग लिया। जुलूस का आकर्षण महिलाओं एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत राम के जीवन पर आधारित लघु नाटिका रहा। जिसे काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, सिंह वाहिनी मंदिर, काली बाड़ी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। लोगों ने बड़े ही आनंद के साथ देखा और सरहाया। चास महावीर चौक से लेकर काली मंदिर गरगा पुल तक विभिन्न स्थानों पर लोगों ने इस पुनित अवसर पर लंगर, खीर, खिचड़ी, हलवा पूड़ी आदि महाभोग का वितरण किया। वहीं, भाजपा नेताओं और परिंदा सिंह ने शाम को चास के प्रत्येक मंदिर में जाकर दीये जलाये और समाज एवं राष्ट्र की मजबूती, उन्नति के लिए भगवान श्री राम से प्रार्थना की। मौके पर बनमाली दत्ता, देबू पाल, संजय प्रामाणिक, मोंटू बाबा, आरडी उपाध्याय, राणा प्रामाणिक, आकाश प्रामाणिक, बंकु सिंह, अक्षय मिश्रा, सज्जन अग्रवाल और मंटू आडी आदि उपस्थित थे।

## गोविंदपुर में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**कतरास (आजाद सिपाही)।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया-3 महाप्रबंधक कार्यालय में सोमवार को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ठेकेदार संघ एवं बीसीसीएल प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक जीसी साहा ने किया। अखंड हरी कीर्तन में मुख्य जजमान के रूप में विनोद सिंह पत्नी गीता सिंह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर अंतेश सिंह, चंदेश्वरयादव, मजदूर नेता गोरचंद बाउरी, जगदीश कर्मकार, मनोज कुमार सिंह, औरंगजेब खान, दिलीप मिश्रा, मुनमुन सिंह,साधन तिवारी, शिवाजी राय, अनिल सिंह, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र यादव, संजय लाल, प्रमोद सिंह, कन्हैया मिश्रा, नवल किशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि थे।

### नैना भीगे-भीगे जाये, कैसे खुशी ये छुपाएं राम आयेंगे... भजनों पर महिलाएं और युवतियां झूमी

# राममय हुआ धनबाद कोयलांचल









अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर झरिया में पूजा करती रागिनी सिंह, वहीं, झांकी में शामिल युवतियां और मुखिया महेश पटवारी द्वारा लिखा गया जयश्री राम।

आजाद सिपाही टीम

**झरिया/धनसार।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को कोयलांचल में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी शामिल हुई। गली-मुहल्ले से लेकर शहर तक जय श्रीराम के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान राम भक्ति के भजनों पर महिला-पुरुष जमकर थिरके। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, सीता की झांकी निकली गई। घरों से लेकर सड़कों तक भगवामय हो गया। चारों तरफ भगवा झंडा लहराता रहा। घरों से लेकर वाहनों पर ऑटो, रिक्शा और खास कर बाइक पर लोग भगवान राम के ध्वज लगा कर महोत्सव मना रहे हैं। इस दौरान कोयलांचल के मंदिरों में अनुष्ठान के साथ भजन, कीर्तन, अखंड रामायण और धार्मिक आयोजन शुरू हुआ। झरिया पंचदेव मंदिर, बाटा मोड़ हनुमान मंदिर, बलियापुर स्टैंड हनुमान मंदिर, हनुमान मंदिर समेत सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन और अखंड रामायण शुरू हुआ। वहीं, झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह जवानों के साथ मुस्तैद रहे।

## अयोध्या में प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक हर व्यक्ति के लिए गर्व : शारदा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा व राम मंदिर उद्घाटन को लेकर महुदा में भी विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। महुदा स्थित ब्रम्हबाबा मंदिर में धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सह भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह के नेतृत्व में रामोत्सव मनाया गया। इसके तहत मंदिर परिसर से भव्य जुलूस निकाला गया। इस बीच धनबाद जिप अध्यक्ष शारदा सिंह भी दर्जनों महिलाओं संग हाथों में धर्मध्वज थामे महोत्सव में शामिल हुई और महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान जगह-जगह से रामभक्तों का जुलूस निकला, जो ब्रह्मबाबा मंदिर से निकले जुलूस में शामिल होते गए। वहीं, सीआइएसएफ के जवानों ने लोगों के बीच मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने बताया कि लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। यह हर व्यक्ति के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के सभी लोगों के बीच काफी उत्साह का माहौल हैं। उन्होंने महुदा सहित जिले के सभी लोगों से श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य रूप देने के लिए संध्या में हजारों दीप प्रज्वलित किए जाने की बात कही। वहीं, पादुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि ये हमारे लिए ऐतिहासिक दिवस है। आज पूरा विश्व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित है। हमारे पंचायत के सभी मंदिर में सुबह से ही पूजा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यावाद देते कहा कि आज सनातन धर्म की एक बार फिर से पूरे भारत ही नहीं, विश्व में जयघोष हो रही है।

### एना में दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल

एना इस्लामपुर दुर्गा मंदिर से सोमवार को भव्य जुलूस निकल गया। पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों ने प्रस्तुति देकर क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। वहीं भगतडीह एना इस्लामपुर बस्ती के समीप बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस में शामिल होकर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल पेश की। जुलूस में शामिल समाजसेवी सोनू अंसारी, चुन्नू अंसारी, महताब अंसारी आदि ने कहा कि हम लोग वर्षों से एक-दूसरे के धर्म एवं पर्व में शामिल होते रहे हैं। वहीं, बप्पी बाउरी, अरुण सिंह, अभिषेक सिंह, मेघु यादव शादी की देखरेख में जुलूस वापस दुर्गा मंदिर मंडप पहुंचा। एना तालाब के पास सैकड़ों दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

## टुंडी के धधकीटांड़ गांव में हनुमान मंदिर में पूजा संपन्न



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** धधकीटांड गांव स्थित हनुमान मंदिर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को अयोध्या से आये अक्षत और भगवान राम के चित्र को मंदिर में साक्षी मानकर हवन पूजन एवं कीर्तन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जानकारी के अनुसार पूरे देश में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को हनुमान मंदिर धधकीटांड में पुजारी हेमंत पाण्डेय एवं यजमान के रूप में राजीव रंजन पाण्डेय सपत्नीक के सानिध्य में पूरे विधि विधान के साथ भगवान राम चंद्र जी एवं बजरंगबली की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर खीर का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

**रोजगार मेला, दिनांक – 24 जनवरी 2024**

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक –24 जनवरी 2024 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, आई० टी० आई० परिसर, सिन्दुर, हजारीबाग कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक निम्न कंपनियों के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S. N | Name of the Establishment | Name of Vacancies | No of Vacanies | Qualification | Experience | Age | Pay/ Salary | Job Location | Duty Hr | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AB INDIA Services, Adityapur Saraikela | Data Entry operator | 25 | Inter, DCA in computer | - | 18-45 | 8000 | Home Based Job | - | Computer must |
| | | Computer Operator | 25 | Graduation, DCA in computer | - | 18-45 | 10000 | Home Based Job | - | Computer must |
| | | Tell caller | 10 | Inter, Bengali Language | - | 18-45 | 6000 | Home Based Job | - | Mobile Recharge Expenses |
| | | Trainee Operator | 50 | ITI All Trade | Fresher | 18-23 | 11000 | Jamshedpur | - | Bus + Canteen facility |
| | | Trainee | 50 | Inter I.A/ I.sc / I.Com | Fresher | 18- 23 | 11000 | Jamshedpur | - | Bus + Canteen facility |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | - | - |
| | | Field Executive | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | - | - |
| | | Delivery Boy | 10 (Male) | Matric | Fresher | 18-45 | 12000 | Hazaribagh | - | - |
| | | Helper | 30 (Male) | Non Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Orissa | - | Lodging + Fooding Free |
| | | Side Supervisor | 5 (Male) | Graduation | 6 month | 23-45 | 12000 | Jharkhand / Orissa | - | - |
| | | Tele Sales Executive | 10 | Inter | 6 month | 20-35 | 10000 | Home Based Job | - | - |
| | | Digital Marketing Executive | 2 (Male) | Graduation, DCA + Photoshop / CorelDraw | 6 month | 20-35 | 10000 | Adityapur | - | - |
| | | HR | 2 | MBA/ B.Tech | No | 22-35 | 12000 | Hazaribagh | - | - |
| | | Technician | 20 (Male) | ITI/ Diploma | Fresher | 18-35 | 15000 | Maharastra / Gujrat | - | Lodging + Transport facility |
| | | Sales Executive | 10 (Male) | Graduation | 6 month | 18-45 | 12000 | Hazaribagh | - | - |
| | | Nurse | 20 | Matric | Fresher | 18-40 | 10000-12000 | Kolkata | - | Lodging + Fooding Free |
| 2 | Telex Services Consulting | Operator | 100 | 10th 12th | - | 18 | 12-15K | Tamilnadu | - | - |
| | | Retail Sales | 100 | 10th 12th | - | 18 | 12-15K | Tamilnadu | | - |
| 3 | Domino's Hazaribagh | Delivery Partner | 10 | - | Driving compulsory | 18+ | 12000 to 15000 (Full time) 6000 to 7000 (Part time) | - | - | D/L, Aadhaar, Bank Passbook, Photo) |
| 4 | Spandana Sphoorty Financial Ltd Hazaribagh | Trainee Credit Assistant (loan officer) | 10 | 12th /ITI / Diploma | - | 19-28 | 12000 | - | - | - |
| 5 | Central Institute of Petrochemicals Engineering & Technology (CIPET) Hehal Ranchi | CNC Machine Operator | 1 | ITI / Turnal / Fitter / Diploma | 1 Year | 19-35 | Rs 10000 To Rs 15000 | - | - | Based on Experience job on contact |
| | | Lecturer Plastics Engineering and Technology | 1 | Full time Bachelor's Degree with First Class or equivalent in Engineering Technology in the relevant discipline If the candidates has a full time Master's degree in Engineering / Technology. First Class or equivalent is required at full time Bachelors or Masters Level | At least 1 year teaching experience in polytechnic / Engg. College | Must be below 65 Years | Rs 30000 To Rs 35000 | - | - | Based on Experience job on contact |
| | | Lecturer (Workshop Practice) | 1 | Full time Bachelor's Degree with First Class or equivalent in Engineering Technology in the relevant discipline If the candidates has a full time Master's degree in Engineering / Technology. First Class or equivalent is required at full time Bachelors or Masters Level | At least 1 year teaching experience in polytechnic Engg College Preference shall be given to M.E/ M.Tech holder with First Class | Must be below 65 Years | Rs 30000 To Rs 35000 | - | - | Based on Experience job on contact |
| | | Lecturer (English) | 1 | full time first class Master's degree in relevant discipline with first class or equivalent at full time Bachelor's or Master level or Equivalent at full time Bachelor's or Master's level | At least 1 year teaching experience in polytechnic Engg. College | Must be below 65 Years | Rs 30000 To Rs 35000 | - | - | Based on Experience job on contact |
| 6 | Safexpress Pvt ltd | Operation Associate | 40 | 12th | - | 30 | CTC 13500 | Jaipur Lakhnow | - | - |
| | | Supervisor | 20 | 12th, ITI | - | 30 | CTC 15600 | Jaipur Lakhnow | - | - |
| | | Warehouse Asst | 100 | 12th | - | 25 | CTC 18000 | Pune | - | - |
| | | Warehouse Asst | 50 | 12th | - | 25 | CTC 18000 | Ahmedabad | - | - |
| 7 | CAIT Edusys pvt Ltd Pune | Production/Quality Operator | 30 | Diploma & BE / B Tech – Mech & Elect | Fresher | 18- 27 | Diploma 13500 | Gurgaon/ Manesar / Bawal & Pathredi (Bhjwadi) | - | - |
| | | Production/Quality Operator | 30 | Diploma / BSc / CPAT | Fresher | 18- 27 | Diploma 16000 | Satpur Industrial Area Nashik | - | - |
| | | Rigger/ Patroller / Technician | 30 | Rigger 12th Passed Patroller 10 th Passes Technician Diploma Holder Electrical Eng | Fresher | 18- 27 | 12000 + 1500 = 13500 For (Rigger patroller) 14000 for Diploma holder technician | Nagpur Dhole Jalgaon Nanded Aurangabad Amravati Chandrapur Akola | - | - |
| | | Outlet Attendant / Production Support | 30 | 10th / 12th & Hotel Management Diploma / Degree | Fresher | 18- 27 | 10th/12th 13000 Hotel Mgt Diploma/Degree 15000 | Pune Banglore | - | - |
| | | DET (Production) | 50 | Diploma in Engineering ( Mechanical and Electrical) | Fresher | 18-30 | 13500 | Bawai | - | - |
| | | DET (Production) | 40 | Diploma in engineering (Mechanical) | Fresher | 18-30 | 13500 | Manesar | - | - |
| | | DET (Production) | 40 | Diploma in Engineering (Mechanical) | Fresher | 18- 30 | 13500 | Patherdih | - | - |
| | | DET (Production) | 40 | Diploma in Engineering (Mechanical & Electrical) | Fresher | 18- 30 | 13500 | Guru gram | - | - |
| | | Apprentice Trainee | 35 | ITI All Trade | Fresher | 18- 30 | 13500 | Greater Noida | - | - |
| | | Apprentice Trainee | 20 | 12th | Fresher | 18- 30 | 10500 | Sitarganj (u.k.) | - | - |
| 8 | Asha Industry Private Ltd | Sales Marketing | 150 | 12th | - | 18- 40 | 13550 | Home District | - | - |
| | | Survey Executive | 100 | 12th | - | 18-40 | 12500 | Home District | - | - |
| | | Supervisor | 10 | Graduation | - | 18- 40 | 13500 | Patna Ranchi | - | - |
| | | HR Manager | 01 | P.G. | - | 18- 40 | 14500 | Patna Ranchi | - | - |
| | | Computer Operator | 05 | 12th | - | 18- 40 | 14000 | Patna | - | - |
| | | Tele Caller | 12 | 12th | - | 18- 40 | 7500 | Patna | - | - |
| | | ITI (All Trade) | 15 | 12th ITI | - | 18- 40 | 15500 | Patna | - | - |
| 9 | Midland Microtin Ltd | Centre officer | 40 | 10+2 | 1 to 3 years | 28 | Up to 12000 | - | - | - |
| | | Branch Manger | 10 | Graduation | 1 Year's as account | 30 | Up to 23000 | - | - | - |
| | | Boco | 5 | B.Com | - | 29 | Up to 13000 | - | - | - |
| 10 | LIIMR ENTERPRISES | Machine Operator | 20 | 10Th 12Th ITI Diploma, Graduation | - | 18-35 | 20196 CTC | Bangalore | 12 h | - |
| | | Operator | 30 | 10Th 12Th ITI Diploma, | - | 18-35 | 12500 CTC | Kolkata | 12 h | - |
| | | Helper | 50 | 10Th Pass | - | 18-45 | 19,400 CTC | Hyderabad, Odisha | 12 h | - |
| | | Helper | 100 | 10Th Pass | - | 18-42 | 13,500 CTC | Kolkata | 12 h | - |
| 11 | Raxa Security Services Ltd Andhra Pradesh | Security Guard | 500 | 10th | - | 18-35 | As per State Minimum Wages | | | |
| 12 | Chaitanya India Fincredit Pvt Ltd Hazaribagh | Customer Relationship Executive (CRE) | 50 | Matric, Inter & Above | Fresher | 18-28 | Gross 10090 to 13500 + Fuel + Loading + Accomodation free | Dhanbad, Hazaribagh (Jharkhand) | - | - |
| 13 | Tata Motors Passenger Vehicles ltd Ahmedabad | Diploma in Mechatronics Free Course "Learn & Earn" | 300 | 12th | - | 18-23 | Stephan 12600/- | Ahmedabad | - | - |
| 14 | SBI Life Insurance Hazaribagh | Sales Manager | 4 | Graduation | 1 year in Sales & Marketing | 21-45 | 2,50,000 to 4,00,000 (Per Year) | - | - | - |
| | | Insurance Advisor | 100 | 10th, 12th | - | 18-40 | 20000 to 50000 (Per Month) | - | - | - |
| | | Sales Support | 4 | Graduation | 2 Years Computer Experience | 21-30 | 30,000 per Month | - | - | - |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए इस रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियां अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र तथा वायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो /SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक हैं। अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

PR 316725 Labour Employment and Traning(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### अश्विनी वैष्णव के आश्वासन के अनुसार एफओबी का काम शुरू



**भुवनेश्वर।** जनता की राय का सम्मान करते हुए, रेल मंत्री ने बालेश्वर स्टेशन पर सभी प्लेटफार्मों को जोड़ने वाले एक फुट ओवर ब्रिज के निर्माण का वादा किया और रेलवे अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने का आदेश दिया। वादे के कुछ ही दिनों में प्लेटफार्म 01 और 02 तथा 03 और 04 को जोड़ने के लिये लगभग 50 मीटर लंबे और 3.05 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण दो खंडों में बढ़ा दिया गया है। परियोजना के लिए सामान्य व्यवस्था ड्राइंग (जीएडी) को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गयी है, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बालेश्वर में रेलवे बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए समर्पित प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए, फाउंडेशन का काम चल रहा है।

### मुख्यमंत्री ने आइएमएस और सम हॉस्पिटल फुलनखरा के दूसरे परिसर का उद्घाटन किया

# मरीजों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा प्रबंधित मेडिकल साइंसेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज के दूसरे परिसर का उद्घाटन रविवार को ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने फुलनखरा में जनता के लिए किया। नया अस्पताल, जो भुवनेश्वर और कटक राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के पास खोला गया, मरीजों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए सभी नवीनतम चिकित्सा सुविधाओं और उन्नत तकनीक से सुसज्जित है। अस्पताल परिसर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक ने किया। अस्पताल का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री पटनायक ने अस्पताल परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का दौरा किया। इस अवसर पर ओड़िशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी, 5टी अध्यक्ष वीके पांडियन, भुवनेश्वर उत्तर के विधायक सुशांत कुमार राउत, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार सुरेश कुमार महापात्र, सोआ





उपाध्यक्ष शाश्वती दास और पूर्व चांसलर और मुख्य सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र भी मौजूद थे। सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने कहा, इस नये अस्पताल का लक्ष्य राज्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक मील का पत्थर बनना है। प्रोफेसर नंद ने कहा कि आईएमएस और सम अस्पताल, जो 18 वर्षों से अधिक समय से लगातार और समर्पित रूप से जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है, अब ओडिशा और पूर्व राज्यों में एक विश्वसनीय और लोकप्रिय स्वास्थ्य देखभाल केंद्र के रूप में उभरा है। फुलनखरा में खुले नये अस्पताल में फिलहाल 750 बेड हैं और अगले दो साल में यह बढ़कर 3000 हो जायेगा। नये अस्पताल में जनरल मेडिसिन, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, नियोनेटोलॉजी, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, साइकियाट्री, एनेस्थिसियोलॉजी, रेडियो-डायग्नोसिस, इमरजेंसी मेडिसिन, इम्यूनो हेमेटोलॉजी और ब्लड ट्रांसफ्यूजन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी, जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, ऑब्स्टेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी, ईएनटी, पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी आदि विभाग होंगे। आईएमएस और सम अस्पताल में कार्यरत विशेषज्ञ डॉक्टर और नवनियुक्त डॉक्टर फुलनखरा में स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करेंगे। यहां 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जायेगी। जिनमें आईसीयू, आइसीसीयू, पीआईसीयू, एनआइसीयू और विशेष रूप से कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) और हेमेटो-ऑन्कोलॉजी रोगियों के लिए उपलब्ध होगा। यहां मरीजों को किफायती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली विशेषज्ञ और सुपर विशेषज्ञ उपचार सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। यहां सभी विभागों द्वारा नवीनतम तकनीकी उपकरणों के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेंगी। अस्पताल में राज्य के किसी भी हिस्से से मरीजों तक पहुंचने की सुविधा होगी। दूसरे परिसर में भी जल्द ही मेडिकल शिक्षा पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है। प्रोफेसर नंद ने कहा कि इस महीने के अंत तक गंजाम जिले के सीतलापल्ली में सम अस्पताल का एक और परिसर जनता को समर्पित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि 350 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में सभी आवश्यक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सुविधा होगी। प्रोफेसर नंद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) योजना के माध्यम से इन तीन अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं और लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए तीनों अस्पताल एक दूसरे के साथ सहयोग करेंगे। इस उद्घाटन समारोह में चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर पुष्पराज सामंतसिंहार फुलनखरा परिसर के नए डीन प्रोफेसर अरक्षित स्वाइं और चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर राजेश कुमार लेंका सहित आइएमएस और सम अस्पताल भुवनेश्वर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। 2005 में शुरू हुए, आईएमएस और सम अस्पताल में हर साल 250 छात्र एमबीएसएस पाठ्यक्रम में दाखिला लेते हैं। यह अस्पताल अपनी स्थापना के समय से ही गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है।

# अयोध्या की धरती पर आज से नये युग का आरंभ हुआ: रघुवर



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि आज अयोध्या की धरती पर एक नये ऐतिहासिक युग का आरंभ हुआ है। लोग अपने अपने घरों में, मंदिरों में दीपावली का उत्सव मना रहे हैं, जिससे एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण की भावना महसूस हो रही है। इस शानदार और धार्मिक समय में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अद्वितीय सामर्थ्य और समर्पण के साथ इस अद्वितीय क्षण को और भी विशेष बना दिया है। रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के निरंतर प्रयास से भारत आज अपनी खोई हुई विरासत प्राप्त कर सका है। देश अपने गौरव को नई आध्यात्मिकता, दिव्यता, और भव्यता दे रहा है। दास ने आज भुवनेश्वर में स्थित श्री राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी देशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

### असम में राहुल को मंदिर जाने से रोका तो धरना दिया

# कहा-क्या आज सिर्फ एक व्यक्ति मंदिर जा सकता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुवाहाटी।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा नौवें दिन सोमवार (22 जनवरी) को मेघालय में प्रवेश कर गयी। यात्रा ने दोपहर बाद असम के मोरीगांव जिले से मेघालय में प्रवेश किया। राहुल और उनके साथ चल रहे लोगों ने री भोई जिले के मुख्य शहर नोंगपोह के पास पदयात्रा की। राहुल ने नोंगोप में सार्वजनिक बैठक में भाग लिया। राहुल आज रात जिले के बनीर्हाट में रुकेंगे। इसके पहले राहुल गांधी असम के नगांव पहुंचे। वे यहां बोदोर्वा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्मस्थल पर दर्शन करने आए थे, लेकिन उन्हें एंट्री नहीं दी गयी। सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं को रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया। यहां सुरक्षाबलों से बहस के बाद राहुल और अन्य कांग्रेसी नेता धरने पर बैठ गये। सभी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 3 बजे मंदिर आने के लिए कहा गया था। धरने के दौरान राहुल ने कहा- मैंने कौन-सा अपराध किया है कि मैं मंदिर नहीं जा सकता? क्या पीएम मोदी तय करेंगे कि मंदिर कौन जायेगा। आज क्या सिर्फ एक ही व्यक्ति मंदिर जा सकता है। मैं शंकरदेव की विचारधारा में विश्वास रखता हूं। वे हमारे गुरु की तरह हैं। इसलिए मैंने सोचा था कि जब भी असम आऊंगा, उनका आशीर्वाद जरूर लूंगा।



पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने 22 जनवरी को आयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अपने रांची स्थित आवास में परिवार सहित जागरण एवं पूजा-अर्चना कर दीप जलाया। साथ ही झारखंड समेत राजधनवार क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की।

# कंधमाल में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कंधमाल संसदीय क्षेत्र के युवाओं के लिए फूलबानी में मेगा जॉब फेयर 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह दूसरी बार है जब सांसद कंधमाल डॉ अच्युत सामंत द्वारा किट के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा नौकरी मेले का आयोजन किया गया था। 21 जनवरी को कंधमाल स्टेडियम में आयोजित रोजगार मेले के दौरान लगभग 13,500 युवाओं में से 3,500 का चयन ओड़िशा में काम करने वाली कंपनियों द्वारा किया गया। देश भर में कार्यरत कंपनियों द्वारा लगभग 10,000 नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को चुना गया। मेले में कंधमाल संसदीय क्षेत्र के 20,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कंधमाल के 12 ब्लॉक, बौध और नयागड के तीन ब्लॉक और गंजाम जिले के दो



ब्लॉक के युवाओं ने भाग लिया। पूरे ओड़िशा और भारत से रिकॉर्ड तोड़ 120 कंपनियां शामिल हुईं, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 20,000 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना। रोजगार मेले में ओड़िशा की कम से कम 40 कंपनियों और अन्य राज्यों की 80 से अधिक कंपनियों और औद्योगिक घरानों ने भाग लिया। वेतन 12,000 से लेकर 35,000. हजार तक। उम्मीदवारों ने पांचवीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर, बीटेक, एमबीए और कानून स्नातकों तक व्यापक शैक्षिक स्पेक्ट्रम को कवर किया। ओड़िशा के सबसे छोटे शहरों में से एक में 120 कंपनियों को लाना, आतिथ्य और रसद सुनिश्चित करना, और परिवहन और भोजन व्यवस्था के साथ 20,000 युवाओं की आमद का प्रबंधन करना बहुत बड़ा काम था, यह सब कंधमाल जिला प्रशासन और किट के अथक प्रयासों के अविश्वसनीय समर्थन से संभव हुआ, कंधमाल के सांसद डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक शिक्षा और रोजगार के माध्यम से राज्य के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# तरुण खुल्बे बने जेएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने तरुण खुल्बे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में पदोन्नत करने की मंजूरी दे दी है। हाल ही में हुई एक बैठक में, बोर्ड ने पेशेवर रूप से प्रबंधित और एकीकृत संगठन संरचना स्थापित करने के उद्देश्य से इस निर्णय को अपनी मंजूरी दी। बोर्ड ने कंपनी का नेतृत्व करने के लिए खुल्बे के असाधारण नेतृत्व कौशल, रणनीतिक दृष्टि औरआधारभूत सिद्धांतों के प्रति समर्पण को भी स्वीकार किया है। जेएसएल विकास और विस्तार के अगले चरण में प्रवेश करने के कगार पर है जिसके लिए प्रमोटर कार्यकारी निदेशक की रणनीतिक भागीदारी



की आवश्यकता है। वह मुख्य कार्यकारी के अलावा पूर्णकालिक निदेशक के पद पर बने रहेंगे जिस पर वह मई 2018 से हैं। उन पर कॉर्पोरेट मामलों, बिक्री एवं विपणन, रणनीतिक पहलों और अनुषंगी कंपनियों की जिम्मेदार रही है। लगभग 35 वर्ष का अनुभव रखने वाले खुल्बे ने व्यवसायों के विस्तार और जेएसएल की लाभप्रदता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जेएसएल में अपने लगभग 20 साल के कार्यकाल में, उन्होंने संचालन, व्यवसाय विकास, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, कर्मचारी व्यवहार और आईटी सक्षमता के सभी क्षेत्रों में समग्र अनुभव प्राप्त किया। उनके नेतृत्व मेंजेएसएल ने अपने नवीनतम और पिछले विस्तार अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न किए। उन्होंने जेएसएल की जाजपुर इकाई के परिचालन परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो बाद में कंपनी के वित्तीय वृद्धि को प्रेरित करने में अहम साबित हुई। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशकश्री अभ्युदय जिंदल नेनियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए कहा, शॉप फ्लोर से बोर्ड रूम तक काविविध अनुभव रखने वाले खुल्बे सीईओ के पद के लिए सही विकल्प हैं। दीर्घकालिक व्यापार रणनीतियों को तैयार करने और संचालन व बिक्री के सभी पहलुओं को मजबूत बनाने में उनका अनुभव सराहनीय रहा है। ऐसे समय में जब कंपनी अपने विभिन्न आयामों का विस्तार करते हुए उन्हें परिपक्व बना रही है, खुल्बे का शीर्ष पद पर होना हमारी विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है। जिंदल स्टेनलेस के सीईओ, तरुण खुल्बे ने अपनी पदोन्नति पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, इस प्रतिष्ठित संगठन का नेतृत्व करना गर्व और विशेषाधिकार की बात है। यहां पिछले दो दशक प्रेरणादायक और समृद्ध रहे हैं। एक ओर, मुझे संचालन, विस्तार, व्यवसाय विकास और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में कुछ सबसे जटिल कार्य सौंपे गए तो दूसरी ओर, मुझे इन सभी क्षमताओं में प्रदर्शन करने के लिए पदोन्नत एवं प्रोत्साहित किया गया और सशक्त बनाया गया। मैं वास्तव में अपने प्रयासों के लिए प्रसन्न महसूस करता हूं और कंपनी को विकास के नये क्षितिज पर ले जाने के लिए तत्पर हूं।" खुल्बे अक्टूबर 2004 में हरियाणा के हिसार में कोल्ड रोलिंग मिल्स के महाप्रबंधक के रूप में जेएसएल में शामिल हुए थे। वहांउन्होंने संचालन की पूरी प्रक्रिया का व्यापक अनुभव प्राप्त किया और उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों का नेतृत्व किया। इसके परिणामस्वरूप अगस्त 2012 में जेएसएल में संपूर्ण स्टेनलेस स्टील परिचालन के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति हुई। बाद में, उन्होंने जेएसएल के लिए निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी की भूमिका निभाई। खुल्बे ने अपना करियर रेमंड स्टील के साथ शुरू किया था, जिसका बाद में थिसेनक्रुप में विलय हो गया। उन्होंने पूरे भारत व जर्मनी में समृद्ध और विविध औद्योगिक अनुभव प्राप्त किया। वह एमआईटीएस, ग्वालियर से इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई कर चुके हैं और उन्होंने जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई से एमबीए की डिग्री हासिल की है।

















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**